

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 20 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष -14 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-322 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 फरवरी 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112



विनोद तिवारी का घर


आर पी सिंह


सन्नी अग्रवाल


रामगोपाल अग्रवाल

## कांग्रेस अधिवेशन के पहले ईडी एक्शन में

# विधायक देवेन्द्र यादव, चंद्रदेव राय,कोषाध्यक्ष रामगोपाल सहित नेताओं के ठिकानों पर छापे

**रायपुर,20 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में सोमवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने 6 कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर छापा मारा है। इसमें विधायक और पार्टी पदाधिकारी शामिल हैं। एजेंसी ने कोयला लेवी घोटाले में कार्रवाई की है।छत्तीसगढ़ में 4 दिन बाद, यानी 24 फरवरी को कांग्रेस का अधिवेशन होना है। इसमें सोनिया गांधी और राहुल भी आएंगे। इससे पहले ईडी ने छापे मारे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये कार्रवाई अधिवेशन को डिस्टर्ब करने के लिए है। ज्ञात हो कि ईडी द्वारा कोर्ट में पेश चालान में आरपी सिंह को कोल मामले में 10 लाख रुपये दिये जाने का उल्लेख है। प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, प्रदेश प्रवक्ता आरपी सिंह, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल और विनोद तिवारी पर एजेंसी ने एक्शन लिया है। इनसे जुड़े रायपुर की श्रीराम नगर, डीडी नगर, गीतांजलि नगर, मोवा में छापे मारे गए। खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन और सारंगढ़ विधायक चंद्रदेव राय के घर भी कार्रवाई चल रही है। भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव और उनके भाई धर्मेंद्र यादव के यहां ईडी का छापा पड़ा। एक दिन पहले ही विधायक देवेंद्र का जन्मदिन था। देवेंद्र यादव के भिलाई और रायपुर में सरकारी बंगले पर टीमों ने छापा मारा। जांच एजेंसी ने बताया था कि छत्तीसगढ़ में ट्रांसपोर्ट किए जाने वाले हर टन कोयले पर 25 रुपए की अवैध वसूली की गई थी। इसमें राजनेता, सरकारी अफसर और व्यापारी शामिल थे। ईडी के मुताबिक, 2021 में 500 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की गई थी। अक्टूबर 2022 में भी ईडी ने इस घोटाले के सिलसिले में 40 ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान 4 करोड़ कैश, करोड़ों की संपत्ति और दस्तावेज बरामद किए गए थे।इस मामले में एक आईएएस और 9 कारोबारी जेल में बंद हैं। 13 अक्टूबर 2022 को छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसाइटी-चिप्स के सीईओ समीर विश्नोई, कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल और वकील-कारोबारी लक्ष्मीकांत तिवारी को गिरफ्तार किया था। 29 अक्टूबर को कारोबारी सूर्यकांत तिवारी ने अदालत में सरेंडर किया था। राज्य सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद दो खनिज अफसरों समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया।







## संक्षेप

### बाइक डिवाइडर से टकराई,1 की मौत

**बिलासपुर,20 फरवरी।** बिलासपुर में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर उछल गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। दो घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना तारबाहर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार मुंगेली जिले के पथरिया क्षेत्र के सिलतरा निवासी विश्वनाथ (33) मरावी पिता बिसाहू मरावी अपने परिवार सहित तारबाहर क्षेत्र के डीपूपारा में रिश्तेदार के घर पर छट्?ठी मनाने आया था। रविवार की रात करीब आठ बजे विश्वनाथ अपने दो अन्य रिश्तेदार केदार मरावी (35) पिता मयाराम मरावी और उसके भाई विक्रम मरावी पिता मायाराम मरावी को बाइक में लेकर घूमने निकला था। अभी उनकी बाइक सीएमडी चौक के पास पहुंची थी, तभी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाइक को विश्वनाथ चला रहा था। उसकी रफ्तार काफी तेज थी। चौक में वह गति को कंट्रोल नहीं कर सका और अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि विश्वनाथ बाइक से उछलकर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोंटें आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं उसके पीछे बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए

### कांस्टेबल का कत्ल

**दंतेवाड़ा,20 फरवरी।** दंतेवाड़ा में खूनी खेल खेला गया है. हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी गई है. बताया जा रहा है कि 4 हत्यारे घर में घुसे और पकड़कर उसे काट डाले. हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है. बताया जा रहा है कि 19 फरवरी को जिला दंतेवाड़ा में पदस्थ प्रधान आरक्षक फन्नी राम वेट्टी की हत्या की गई है. वह अपने छोटे भाई की शादी में ग्राम बेलचर आया हुए थे. बताया जा रहा है कि रात में अज्ञात 4 लोग घर में जबरदस्ती घुस गए. इस दौरान चारों ने प्रधान आरक्षक पर टंगिया और चाकू से हमला कर दिया. प्रधान आरक्षक द्वारा अपना बचाव करते हुए धक्का देकर बाहर निकला, जिसे घेराबंदी कर घर के बाहर लाकर मार डाले.



## विधायक निवास में ईडी की जांच जारी, समर्थकों ने किया घेराव

**भिलाई, 20 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कोयला लेवी घोटाला के आरोपों को लेकर ईडी की जांच का दायरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। आज तड़के प्रवर्तन निदेशालय ईडी की विधायक देवेंद्र यादव के निवास पर छापेमार कार्रवाई के बाद चौतरफा हड़कंप है। ईडी के अधिकारी सुबह से अपने तलाशी अभियान और जांच की कार्रवाई में लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र पासिंग 2 इनोवा कार में ईडी के 4 अधिकारी सुबह जांच के पहुंचे और अपनी कार्रवाई शुरू की। महापौर नीरज पाल विधायक निवास मिलने पहुंचे थे जहां से उन्हें लौटा दिया गया। छापे की खबर लगते ही विधायक निवास के बाहर कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटने लगी और देखते ही देखते काफी लोग जुट गए। ईडी वापस जाओ के नारे के साथ धरना-प्रदर्शन होने लगा। मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव अपने अधिकारियों सीएसपी निखिल रखेजा व अन्य के साथ सदल-बल पहुंचे और विधायक देवेंद्र से मुलाकात की। क्या बातचीत हुयी इसका ब्यौरा तो नहीं मिल पाया लेकिन बाहर यह समझाइश जरूर दी गयी कि कार्यकर्त्ता अपना विरोध प्रदर्शन को 5 फ़ीट की दूरी बनाकर करें।

ज्ञात हो कि ईडी की जांच एक कोयला लेवी से जुड़े बड़े घोटाले से संबंधित है जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, व्यापारियों, राजनेताओं और बिचौलियों से जुड़े कार्टेल द्वारा छत्तीसगढ़ में परिवहन किए गए प्रत्येक टन कोयले के लिए 25 रुपये की अवैध उगाही की जा रही थी एजेंसी ने आरोप लगाया है।

## ये कांग्रेस पार्टी है, अंग्रेजों से नहीं डरी तो ईडी से क्या डरेगी : भूपेश

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

रायपुर,20 फरवरी। **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे** ने कहा पिछले 9 सालों में ईडी ने जो रेड की हैं उसमें 95% विपक्षी नेता हैं, और सबसे ज्यादा कांग्रेस नेताओं के खिलाफ है।

**सीएम भूपेश बघेल** ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की पदयात्रा से भाजपा और केंद्र सरकार घबराई हुई है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि महाधिवेशन की तैयारियों में सभी जुटे हैं. सभी अपने-अपने काम में लगे हुए हैं. कांग्रेस ने जब झारखंड चुनाव की जिम्मेदारी दी थी, तब जैसे ही रिज़ल्ट आया सबसे पहले इनकम टैक्स का छापा छत्तीसगढ़ में पड़ा. दूसरा जब हम असम गए, तीसरा जब हम यूपी गए और चौथा तब जब हम हिमाचल प्रदेश के चुनाव से लौटे.सीएम बघेल ने कहा कि अब भी आशंका जताई जा रही थी कि छापा पड़ेगा और आज छापा पड़ गया. कांग्रेस के अधिवेशन में आदिवासी, किसान, युवा, अंतरराष्ट्रीय मामलों समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी है.

सीएम बघेल ने कहा कि ये डरे हुए लोग हैं. मगर लोकसभा में अडानी पर नहीं बोलकर ये बता दिया गया कि केंद्र सरकार पर अडानी भारी है. राहुल गांधी की पदयात्रा से केंद्र सरकार बेचैन है. अधिवेशन में 2024 चुनाव का रोडमैप तैयार होगा इससे बीजेपी घबराई हुई है.



मुख्यमंत्री ने कहा कि महाधिवेशन से बीजेपी घबराई हुई है. ये कितनी भी कोशिश कर लें, हमारा महाधिवेशन सफल होगा. राजनीतिक दबाव बनाने के लिए ये छापा डाल रही है. ये कांग्रेस पार्टी है, जो अंग्रेजों से नहीं डरी तो इनसे क्या डरेगी.

मुख्यमंत्री ने कहा जब कांग्रेस अंग्रेजों से नहीं डरी तो ईडी से क्या डरेगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान रमन सिंह पर निशाना साधा । मुख्यमंत्री ने कहा कि रमन सिंह ईडी के प्रवक्ता बने हुए हैं, जब ईडी के छापे पड़ते हैं तो इसी तरह से बयान देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छापे की टाइमिंग ऐसी है, कि जिस दौरान छापा पड़ना कई सवालों को जन्म दे रहा हैं छापे अधिवेशन के पहले भी हो सकता इस वक्त छापा पड़ना , साफ बताता है कि अधिवेशन को ये डिस्टर्ब करना चाहते हैं। कांग्रेस महाधिवेशन की तैयारी में जुटे हमारे साथियों को इस तरह से रोककर हमारे हौसले नहीं तोड़े जा सकते हैं. हम लड़ेंगे और जीतेंगे.

**कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश** ने कहा की इस कार्रवाई से कांग्रेस के नेता डरने वाले नहीं है । वहीं कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा की हमारी शराफत को पीएम हमारा गहना समझे, हमारी कमजोरी नहीं ।

**गरीबों की कमाई लूटी जा रहीः साव**-बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गरीबों की खून पसीने की कमाई को लूटा जा रहा है लेकिन प्रदेश के मुखिया लुटेरों के साथ खड़े है यह प्रदेश की गरीब जनता के साथ अन्याय है अत्याचार है। छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर ऊपर से नीचे तक लूट हुई है, भाजपा द्वारा कही जाने वाली बातें प्रमाणित हो रही हैं ईडी की कार्यवाही में नगद ,सोना डायमंड, संपत्ति सब कुछ मिल रहा है इसके बावजूद कांग्रेस भ्रष्टाचारियों के साथ क्यों खड़ी है?

**भाजपा अधिवेशन से घबरा गईः सुशील**-प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने इस कार्रवाई को राजनीतिक बताया है। उन्होंने कहा, रायपुर में होने जा रहे कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन से भाजपा घबराई हुई हे। उस अधिवेशन को डिस्टर्ब करने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार ने ईडी का दुरुपयोग करना शुरू किया। इसकी आशंका पहले से थी। भाजपा जब राजनीतिक ढंग से मुकाबला नहीं कर पाती है तो ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं को आगे कर देती है। शुक्ला ने कहा, इन हरकतों से हम डरेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं। हमारा महाधिवेशन और ज्यादा शानदार ढंग से होगा। हम भाजपा के इस कार्रवाई का मुकाबला करेंगे।

## कांग्रेस ने किया मोदी के पिता का अपमान

**नई दिल्ली,20 फरवरी।** अडानी विवाद मामले में कांग्रेस मोदी सरकार के खिलाफ लगातार हमलावर है। अब कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अडानी मुद्दे को लेकर पीएम मोदी पर विवादित टिप्पणी की है। अडानी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की विपक्ष की मांग के बारे में बोलते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता का मजाक उड़ाया। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अडानी-हिंडनबर्ग विवाद पर चुटकी लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता का मज़ाक उड़ाया और उन्हें नरेंद्र गौतम दास मोदी कहा। उन्होंने कहा, नरेंद्र गौतम दास मोदी को क्या समस्या है? उन्होंने कहा, क्या यह गौतम दास या दामोदर दास है? वह फिर हंसते हुए कहते नजर आते हैं कि भले ही नाम दामोदर दास है, लेकिन उनके कार्य गौतम दास के समान हैं। पीएम मोदी के पिता का नाम दामोदरदास मूलचंद मोदी है। हालाँकि, खेरा ने नरेंद्र गौतम दास मोदी के साथ आने के लिए इसे गौतम अडानी के साथ जोड़ दिया। पवन खेड़ा की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अमित मालवीय ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस पार्टी ने पीएम मोदी और उनके परिवार को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा, ÷वे अभी भी यह स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि एक विनम्र पृष्ठभूमि का कोई व्यक्ति इतना लोकप्रिय नेता बन गया है। गांधी पार्टी में इस प्रकार के तत्वों को प्रोत्साहित करते हैं।

### दिल्ली में ओवैसी के घर पर पथराव

**नई दिल्ली,20 फरवरी।** असदुद्दीन ओवैसी के दिल्ली वाले घर पर पथराव हुआ है। ओवैसी ने देर रात 1 बजे अपने घर पर हुए हमले के वीडियो ट्वीट किए। जिसमें उन्होंने लिखा- मेरे दिल्ली वाले घर पर फिर से हमला हुआ है। 2014 के बाद यह चौथी घटना है। इससे पहले जब मैं जयपुर से लौटा और मेरे घरेलू नौकर ने बताया कि बदमाशों के एक झुंड ने पथराव किया, जिससे खिड़कियां टूट गईं।



## ईडी के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**रायपुर,20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में ईडी छापे के बाद सियासत गरमा गई है. पंकज शर्मा के साथ सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस नेता सन्नी अग्रवाल के घर के बाहर पहुंचकर सड़क पर बैठे गए है. साथ ही ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं.कांग्रेस के शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में विनोद तिवारी के घर बाहर नारेबाजी की गई। वहीं महापौर एजाज ढेबर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस नेता राम गोपाल अग्रवाल के घर के बाहर प्रदर्शन पर बैठकर ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं.

## साढ़े 4 लाख के नकली नोट बरामद

**महासमुंद,20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में नकली नोट गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है. महासमुंद पुलिस ने एक अपचारी बालक सहित तीन लोगों से 500-500 के अलग-अलग सीरीज के 888 नोट कुल 4 लाख 44 हजार का नकली नोट बरामद किया है. ये आरोपी 53 हजार नकली नोट को मार्केट में खपा चुके थे. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है. मुखबिर के बताए हुलिया के अनुसार सायबर सेल और सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने महासमुंद बस स्टैंड से तीनों को पकड़ा. पूछताछ में एक अपचारी बालक, दूसरा सड्डू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विधानसभा निवासी राम लखन कैवर्त 47 वर्ष, तीसरा पवन कुमार 43 वर्ष लाल बहादुर नगर वार्ड नं. 20 डोंगरगढ़ राजनांदगांव का रहने वाला बताया. पुलिस टीम ने तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नगदी रकम मिला.

## नक्सलियों के हमले में दो जवान शहीद

**डोंगरगढ़,20 फरवरी।** बोरतलाव से लगे महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ के बोर्डर पर गाँव चाँदसूरज के पशु चिकित्सा भवन के सामने घात लगाकर दो पुलिसकर्मी को गोली मार कर हत्या कर बाइक को जला दिया. जिससे पुरे क्षेत्र में सनसनी फैलने के साथ नगर में शोक की लहर दौड़ गई. बताया जाता है कि अवैध शराब की रोकथाम के लिए चाँदसूरज में चेक पोस्ट लगाया गया था और सुबह लगभग 9.00 बजे पहले से आये नक्सलियों के द्वारा हत्याकांड को अंजाम दे दिया गया. बताया गया कि बोरतलाव के हवलदार राजेश सिंह डोंगरगढ़ व ललित कश्यप सिपाही शहीद हो गए है. नक्सलियों के द्वारा वारदात की खबर ने पुलिस महकमे को झिंझोर कर दिया और आला अधिकारियों की टीम सहित आईटीबीपी जिला पुलिस बल सहित आईजी मौका स्थल पहुँचे और नक्सलियों की खोज में सर्चिंग तेज कर दी.नक्सल आपरेशन के डीएसपी अजीत ओगरे ने बात करते हुए बताया कि - ये घटना बोरतलाव दर्रेकसा सीमा की है ।घटना की जानकारी मिलने के बाद सर्चिंग तेज कर दी गई है । अभी पता नहीं चला है कि दोनों जवान निहत्थे यहां क्यों आए थे । अभी डोंगरगढ़ के थाना प्रभारी भी सर्चिंग में है उनसे बात करने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी । उन्होंने इस घटना के लिए दर्रेकसा दलम पर आशंका व्यक्त की है ।



## समाचार संक्षेप

### सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी की चोरी

**भिलाई 20 फरवरी।** कुम्हारी थाना अंतर्गत कर्मी के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के जेवरात व नगद पार कर दिया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि लोटस सिटी परसदा निवासी भानेश्वरी साहू ( 29 वर्ष ) बीरगांव रायपुर में आंगनबाड़ी में काम करती है ढ़ाई माह पहले प्रार्थिया का विवाह दुर्गेश साहू के साथ हुआ था उसके बाद से प्रार्थिया लोटस सिटी परसदा में रहकर आंगनबाडी बीरगांव रायपुर में रहकर काम कर रही थी प्रार्थिया के पति मार्केटिंग लाइन में काम करते हैं।14 फरवरी को पति मार्केटिंग काम से ओडिशा के लिए निकले थे उसी दिन सुबह 11 बजे प्रार्थिया बीरगांव रायपुर में हड़ताल में शामिल होने गयी थी। उसके बाद वहां से अपने मायके बीरगांव में ही रह रही थी। 17 फरवरी की दोपहर 3.15 बजे अपने घर लोटस सिटी परसदा आयी तो घर के बाउंड्री का ताला खोलकर अंदर गयी तो हाल का कुंदा लगा था। खोलकर अंदर गयी तो बेडरूम खुला था। बेड़रूम के आलमारी का ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर दो नग सोने का अंगुठी, चार नग सोने का गोल दाना, एक नग सोने का नाक का फुल्ली, वजनी पायल चांदी का एक जोड़ी, चांदी का पांच जोड़ी पायल, चांदी का बिछिया आठ जोड़ी, चांदी का बाजूबंद दो नग, चांदी का चाबी गुच्छा चार नग, बिना सिम लगा विवो कंपनी का स्मार्ट फोन माडल वाय, अनुमानित कीमती 28800 रूपये एवं 11200 को चोरी कर ले गया है।

### सड़क हादसे में नाबालिग की मौत

**भिलाई 20 फरवरी।** स्मृति नगर पुलिस चौकी इलाके में बिनोबा नगर सुबह सड़क हादसे में 11 वर्षीय घायल हो गई। उसे उपचार के लिए पहले निजी अस्पताल फिर सरकारी भर्ती कराया गया। देर रात डॉक्टरों ने 11 वर्षीय चांदनी बांधे की मौत की पुष्टी कर दी। पुलिस के मुताबिक घटना नाबालिग के घर के सामने हुई। हादसे के वक्त वह सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार ने नाबालिग को ठोकर मार दी। दुर्घटना में नाबालिग को गंभीर चोट लग गई थी। पुलिस ने रविवार को पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

### महाशिवरात्रि पर स्कंदाश्रम में किया गया महारुद्रम का आयोजन



**भिलाई, 20 फरवरी।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 15 से 19 फरवरी तक महारुद्रम का अयोजन स्कंदाश्रम हुड़को में किया गया । 15 से 18 फरवरी तक सुबह शाम महारुद्रम का जाप किया गया । 18 फरवरी शाम से 19 फरवरी सुबह तक लगातार महरुद्रम जाप किया गया । 19 फरवरी प्रातः हवन कलश अभिषेकम तथा भगवान शिव की महादीप आराधना की गई । 11 वेदाचार्य द्वारा 11 बार रुद्रम एवं चमकम 11 बार रुद्राभिषेक होता है। 11 वेदाचार्य द्वारा 11 बार रुद्रम एवं चमकम का 121 बार जाप एकादशी रुद्राभिषेक होता है । 11 वेदाचार्य द्वारा 11 काल मे 11 बार रुद्रम एवं चमकम का जाप करने पर महारुद्रम होता है । स्कंदाश्रम महारुद्रम का यह 14वा वर्ष था । सेलम तमिलनाडु के ब्रम्हश्री भाग्यराज शात्रीगल एवं उनके सहयोगी शास्त्रियों द्वारा महारुद्रम जाप को सम्पन्न कराया गया । महाशिवरात्रि का स्कंदाश्रम मे यह समारोह जो 15 से फरवरी से शुरू हुआ था आज सम्पूर्ण हुआ । महा शिवरात्रि का यह महापर्व स्कंदाश्रम के संस्थापक आचार्य मणि स्वामी के दिशा निर्देश मे सम्पन्न हुआ ।

### तालपुरी में आयोजित आध्यात्मिक झांकी बनी रही आकर्षण का केंद्र




**भिलाई, 20 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी बी ब्लॉक मोगरा में शिव मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी एवं लाइट एंड साउंड से पहाडों पर बहते झरने में सर्वधर्म मान्य ज्योतिर्लिंग को प्रकट होना लोगों के आकर्षण का केंद्र बना है। यह झांकी शाम 6:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक 21 फरवरी तक सर्व के दर्शनार्थ रहेगी। सर्वधर्म मान्य परमात्मा का सत्य स्वरूप देने के लिए साइकिल यात्रा, पद यात्रा गदा चौक सुपेला फरीदनगर के निजाम चौक होते हुए कृष्णानगर, राधिका नगर, शांति नगर, वैशाली नगर, रामनगर,चंद्र नगर, अय्यप्पा नगर में जन-जन तक परमात्मा संदेश दिया गया।

### अल मदद ने सेक्टर-9 के अग्नि पीड़ितों को दिया जरूरी सामान



**भिलाई, 20 फरवरी।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार को हॉस्पिटल सेक्टर के अग्नि हादसे के पीड़ितों से रविवार को मुलाकात की और उन्हें जरूरी सामान दिए। जिसमें कपड़े,बिस्कुट, मिक्सचर व खाने का अन्य सामान था। इस दौरान सोसाइटी की प्रेसीडेंट अंजुम अली, शबाना सिद्दीकी, शाहीन खान, नाहिदा खान, जीनत और नाजरीन ने मुख्य भूमिका निभाई।

### मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पाषाण मूर्ति का किया अनावरण

**रायपुर, 20 परवरी।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज बालोद जिले के अर्जुंदा तहसील अंतर्गत ग्राम परसतराई में वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जी की पाषाण प्रतिमा का अनावरण किए।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महान शासक और योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें नमन किया है। गौरतलब है कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती भारतवर्ष 19 फरवरी को मनाई जाती है. शिवाजी भोंसले, जिन्हें आमतौर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम से जाना जाता है, भारत में एक प्रमुख मराठा शासक थे। शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी, 1630 को पुणे की जुन्नार तहसील के शिवनेरी किले में हुआ था।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के किये दर्शन

**■ कौही में 11 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 फरवरी।** हमारे तीर्थ स्थल हमारे धरोहर हैं। यहां तीर्थयात्रियों के लिये सुविधाओं का विकास हमारे लिए प्राथमिकता है और इस दिशा में बड़ा काम पिछले चार वर्षों में हमने किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह बात कौही में आयोजित मेले में भगवान शिव के दर्शन करने आये श्रद्धालुओं से कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 11 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आप सभी की मंगल कामना भगवान भोलेनाथ से करता हूँ। हमेशा की तरह इस बार भी कौही मेले में हजारों श्रद्धालु मौजूद हैं। भगवान शिव को औघड़दानी कहते हैं। जहां भी शिव विराजे हैं वहां मेले लगे हैं। भगवान शिव का आशीर्वाद हम पर है। प्रदेश समृद्धि की राह पर है। साधु संत कहते हैं कि शिव भाव से ही सारे जीवों की सेवा करना है। हमने इसे ही लक्ष्य माना है। ईश्वर के आशीर्वाद और आप के सहयोग से हम यह कार्य कर रहे हैं। कोरिया से सुकमा तक 2200 किमी में रामवनगमनपथ को विकसित करने काम हो रहा है। कौशल्या महोत्सव मनाने का हमने निर्णय किया है। शिवरीनारायण में और राजिम में हम अधोसंरचना विकसित कर रहे हैं ताकि तीर्थयात्रियों को अधिकतम सुविधा मिल पाए। राजिम में 55 एकड़ क्षेत्र को मेला परिसर के रूप में विकसित कर रहे हैं। राजिम में तीर्थयात्रियों को रहने की सुविधा यहां मिल पाएगी। गुरू घासीदास से जुड़े तीर्थस्थलों में भी हम अधोसंरचना और सुविधा जुटा रहे हैं। आर्थिक रूप से प्रदेश को बेहतर करने और शिक्षा स्वास्थ्य से संबंधित सुविधा जुटाने का कार्य कर रहे हैं।

**प्रदेश के तीर्थ भूमियों को विकसित करने कर रहे व्यापक कार्य : मुख्यमंत्री –** प्रदेश के तीर्थ स्थलों को विकसित करने की दिशा में हम व्यापक कार्य कर रहे हैं। ठकुराइन टोला में 3 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है तथा 17 करोड़ रुपये की लागत से लक्ष्मण झूला बनाया जाना है। संत पवन दीवान द्वारा इस मंदिर का लोकार्पण किया गया था। मंदिर में हर वर्ष तीर्थ यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम ठकुराइन टोला में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के पश्चात श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल राजिम में 55 एकड़ क्षेत्र में विकास कार्य किया जा रहा है। यहां पर मेले में आने वाले यात्रियों के लिए रहने की सुविधा भी होगी। इसके पहले मेला नदी तट तक फैला रहता था जिससे नदी में मुरूम भरने से दिक्कत आने की आशंका थी। अब नये परिसर से यह दिक्कत दूर होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरिया से लेकर सुकमा के रामाराम तक नौ तीर्थस्थलों में राम वन गमन क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। हमने शिवरीनारायण, चंदखुरी और राजिम तीर्थ स्थल में अधोसंरचना विकास किया है। देश में कौशल्या माता के एकमात्र मंदिर में अधोसंरचना विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हुआ है। मंदिर में आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश में तेजी से आर्थिक विकास हुआ है और शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अधोसंरचना विकास तेज हुआ है मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में धान उत्पादक किसानों को अपनी मेहनत का सबसे अच्छा मूल्य मिल रहा है और किसानों का संतोष हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। उन्होंने निषाद समाज द्वारा मंदिर परिसर के विकास के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

## पर्यटन केन्द्रों के विकास से सैलानी राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य से हो रहे रूबरू : अमरजीत




**रायपुर, 20 फरवरी।** खाद्य और संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत आज मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय अमृतधारा महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अमृतधारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ी परंपरा और लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का काम किया जा रहा है। राज्य के पर्यटन केंद्रों के निरन्तर विकास एवं बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होने से अब देश-विदेश के ज्यादा से ज्यादा सैलानी छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता से रूबरू हो रहे है। भगत ने कहा कि राज्य सरकार निरंतर सभी वर्गो के विकास के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों का कर्ज माफ किया। किसानों को धान का सर्वाधिक मूल्य छत्तीसगढ़ में मिल रहा है। लघु वनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर से प्रदेश की जनता आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर है। उन्होंने पर्यटकों की रुचि और आकर्षण के मद्देनजर जल्द ही अमृतधारा में रिसॉर्ट बनायें जाने के साथ ही रामदहा जलप्रपात और सिद्ध बाबा स्थल पर भी सांस्कृतिक महोत्सव के आयोजन सहमति की बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत विधायक श्री गुलाब कमरो ने की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## लिस्टोमानिया बार एवं क्लब पर एसडीएम ने की छापेमारी, बार को किया सील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 फरवरी।** एसडीएम लक्ष्मण तिवारी ने सूर्यामाल स्थित लिस्टोमानिया बार एवं क्लब में छापेमारी की। इस दौरान यहां कई अनियमितता पाई गई। यहां तक कि इस बार और क्लब में बिना अनुमति सिगरेट भंडारण करने के साथ ही, खाद्य विभाग की अनुज्ञप्ति के बिना रेस्टोरेंट संचालन किया जा रहा था। इसके अलावा क्लब के किचन में शाकाहारी एवं मांसाहारी खाद्य सामग्री खुला करके एक के ऊपर एक करके एक ही कंटेनर में रखा गया था। छत में अत्यधिक मात्रा में कचरा एवं खाली शराब की बोतल काफी दिनों से रखी गई थी। क्लब के पास एक ही काउन्टर परमिट है किंतु क्लब द्वारा अलग-अलग फ्लोर में दो-काउंटर संचालित किया जा रहा था। वाशरूम में तीसरे मंजिल से नीचे गए डस्ट एरिया ओपन है जो अत्यंत खतरनाक है। क्लब के पास केवल 07 स्टाफ की अनुज्ञप्ति है किंतु क्लब का केवल 01 अनुज्ञप्ति प्राप्त स्टाफ ही कार्यरत दिखा, इसके अतिरिक्त वर्तमान में क्लब में 47 व्यक्ति कार्यरत पाए गए। क्लब के पास फूड लाइसेंस एवं गुमास्ता लाइसेंस नहीं पाया गया, बार-बार उपलब्ध कराने बोलने पर भी उपलब्ध नहीं कराया गया। काउण्टर में अवैध रूप से सिगरेट का भण्डारण पाया गया, जिसके लिए भी कोई परमिट नहीं लिया जाना पाया गया। क्लब में कार्यरत किसी भी स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं होना पाया गया। भारी मात्रा में होलोग्राम पाया गया, जो कि किसी भी बोतल पर लगाकर बेचा जाता है, जिससे शासन को अत्यधिक क्षति होना पाया गया। इसके अलावा अनुज्ञप्ति से अधिक कर्मचारी नियुक्त करना पाया गया। इसके इसके कारण आबकारी, खाद्य एवं औषधि व राजस्व व पुलिस विभाग द्वारा इस बार पर कार्यवाही करते हुए इसे सील कर दिया गया।

## थाना निरीक्षक की सक्रियता से महिला की हत्या का आरोपी किया जा सका गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा 20 फरवरी।** जिला कबीरधाम के थाना चिल्फी क्षेत्र में दिनांक 17/02/2023 को महिला का शव प्राप्त होने की सूचना पर थाना चिल्फी पुलिस मौके पर पहूंचकर घटनास्थल का बारिकी से अवलोकन पर मर्ग पंचायतनामा की कार्यवाही कर मौके पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया तथा महिला की मृत्यु असामान्य स्थिति मे होना पाये जाने से मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु किसी प्राणघातक वार से होना विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा बताये जाने पर उक्त जानकारी के संबंध में वरिष्ठ अधिकारी डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम एवं श्री जगदीश उइके पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्राप्त तथ्य के आधार पर मर्ग जांच पर अपराध कायम कर आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तारी कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी चिल्फी निरीक्षक विकास बघेल ने थाना चिल्फी में अपराध क्रमांक 06/23 धारा 302 भादवि कायम कर मृतिका के मृत्यु के अज्ञात कारणों की पतासाजी के लिए घटनास्थल के आसपास निवासरत् लोगो से पुछताछ किया गया। पुछताछ पर जानकारी प्राप्त हुआ कि मृतिका का उसके पति के साथ अक्सर वाद-विवाद होता है तथा घटना के दिन भी पति-पत्नि के मध्य वाद-विवाद हुआ है, कि उपरोक्त जानकारी के आधार पर मृतिका के पति राजू विश्वकर्मा से पुछताछ किया करने पर बताया कि इसका और इसकी पत्नि रेखा बाई के मध्य आपसी वाद-विवाद होते रहता था। जो दिनांक 16/02/2023 को यह इसे बिना बताये मड़ई मेला में चले गयी थी।

जो देर रात तक वापस आने पर बिना बताये कहां गई हो पुछने पर इसकी पत्नि द्वारा इसे अनाप-शनाप बोलने लगी जिससे यह आक्रोशित होकर पास में पड़े बांस के डंडे से हाथ-पैर एवं छाती में एवं हाथ मुक्के से मारा हूं, जिससे वह बेहोश हो गई कुछ देर तक उसे होश में लाने का प्रयास किया। परंतु उसका शरीर हिल-डूल नहीं रहा था, उसका शरीर ठंडा पड़ गया था तथा उसके शरीर के कई हिस्सों से मारपीट करने से खुन निकल रहा था तथा रात्रि घर में और कोई सदस्य नहीं होने से घटना को छुपाने के लिए उसके पहने हुए कपड़े को बदलकर निकल रहे खुन को धोकर उसके परिवार वालो को पत्नि रेखा बाई की गिरने से मृत्यु हो जाने की जानकारी दिया है। आरोपी राजू विश्वकर्मा पिता धुप सिंह विश्वकर्मा उम्र 38 वर्ष साकिन चिल्फी जिला कबीरधाम द्वारा बताये गये उपरोक्त तथ्य के आधार पर उसे विधिसंगत गिरफ्तारी कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गनिर्देशन एवं दिशा-निर्देश में निरीक्षक विकास बघेल, सहायक उपनिरीक्षक दीपक शर्मा, प्रधान आरक्षक गोकूल सोनकर, उमाशंकर नाग, आरक्षक आशु तिवारी, संतोष बर्वे, हरजेन्द्र रात्रे, चंद्रकांत वर्मा एवं थाना चिल्फी स्टाफ द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

## अवैध निर्माण व कारोबार पर रिसाली निगम की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली 20 फरवरी।** आउटर क्षेत्र में चेतावनी के बाद भी अवैध निर्माण थम नहीं रहा है। रविवार को निगम अधिकारियों की दबिश के दौरान दो प्रकरण सामने आए। प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता की टीम ने पहले निर्माण काम बंद कराकर सामान को जब्त कराया, फिर मजदूरों को खदेड़ा। अवकाश के दिन सरस्वती कुंज में बिना अनुमति लिए मकान बनाने की सूचना पर निगम के अधिकारियों ने कार्यवाही की। अधिकारी अलग अलग पहुंचे और मजदूरों से पूछताछ कर पहले मकान मालिक आशीष पटेल को मौके पर बुलवाया। मकान बनाने निगम का अनुमति नही होने पर प्रभारी सहायक अभियंता ने फटकार लगाकर काम बंद कराया। साथ ही मजदूरों से सामान को जब्त कराया। वही नजदीक ही अन्य प्लाट पर चल रहे कार्य को भी बंद कराया। हालांकि इस जगह पर भूमि स्वामी का पता नही चल पाया। निगम के अधिकारियों ने मजदूरों को चेतावनी दी है कि वे बिना अनुमति वाले निर्माण कार्य पर मजदूरी न करे। अन्यथा उनका सामान जब्त किया जाएगा। अवकाश के दिन हुई कार्यवाही में राजस्व अधिकारी संजय वर्मा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जगरनाथ कुशवाहा , टेकराम , बिरेन्द्र देशमुख आदि शामिल थे।

**आयुक्त ने दिए कड़े निर्देश :** निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि बिना अनुमति मकान बनाने वालों कार्य बंद कराए और जुर्माना वसूल करे। साथ ही भवन अनुज्ञा लेने प्रेरित करे। आयुक्त ने बिना अनुमति मकान बनाकर निवास करने वालों से नियमितीकरण के तहत निगम से संपर्क कर भवन निर्माण प्रमाण पत्र लेने की अपील की है।

**15 बोरी पानी पाउच , 2000 लिया जुर्माना :** रिसाली सरहद पर संचालित देशी शराब दुकान के सामने चखना दुकान में भी दबिश दी गई। यहाँ पर प्रतिबंधित पानी पाउच व वन टाइम यूज प्लास्टिक से बने डिस्पोजल गिलास बेचा जा रहा था। अधिकारियों ने 1000 नग गिलास व 15 बोरी पानी जब्त कर दो चखना सेंटर संचालक पर 2000 जुर्माना किया। साथ ही निगम ने हिदायत दी कि पुनः प्रतिबंधित सामान बेचने पर सील बंद कार्यवाही की जाएगी।

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य और पुलिस अधीक्षक ने विजेता खिलाड़ियों को शील्ड,मोमेंटो देकर किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 20 फरवरी।** कबीरधाम जिले के थाना कुकदुर अन्तर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम चतरी में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 16 फरवरी से 17 फरवरी तक ग्राम खेल समिति, पुलिस विभाग और ग्रामवासी चतरी, विचारपुर के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्री महेश चंद्रवंशी, कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ग्राम चतरी पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक ने कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ग्राम परस्ते पावर पुटपुटा को 31 हजार रुपए, दूसरा स्थान जिला कबड्डी संघ को 21 हजार रुपए, तीसरा स्थान लोहारा लायस को 15 हजार रूपए और चौथा स्थान एमकेकेसी सिंगपुर को 10 हजार रुपए नगद, शील्ड मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने मैन ऑफ द मैच विजेता खिलाड़ी को यातायत जागरुकता के लिए हेलमेट प्रदान किया। सूदूर नक्सल प्रभावित ग्राम चतरी के कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर में पुलिस अधीक्षक के आने से खुशी का महौल था। ग्रामीणों ने श्री महेश चंद्रवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह को अपने बीच पाकर खुश हुए। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी ग्राम वासियों एवं खिलाड़ियों को जानकारी दिया गया कि इस प्रकार का आयोजन जिले के सभी थानों में समय-समय पर कराया जा रहा है। जिसका उदेश्य मात्र एक है कि जनता और पुलिस को आपस में जोडे रखना। ताकि पुलिस से मधुर संबंध स्थापित कर आम लोगो के बीच सरलता से पहुंचा जा सके और शासन प्रशासन के नियमों कि जानकारी जन जन तक पहुंचाई जा सके। पुलिस अधीक्षक डॉ. सिंह ने यातायात नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया और हम सब को इन नियम का पालन करना चाहिए ताकि वाहन दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंनें धोखाधड़ी से बचने और धोखाधड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों से दूर रहने तथा उनके रोकथाम के उपाय सभी को बताया गया। इस अवसर पर पुलिस अनुविभागीय आधिकारी पंडरिया श्री पंकज पटेल, थाना प्रभारी कुकदुर श्री सावन सारथी सहित खिलाड़ी, ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

एक नजर

## प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र भखारा में मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व



**अंवरी 20 फरवरी।** प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र भखारा के तपस्या भवन में आज 18 फरवरी 2023 को महाशिवरात्रि का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रोशन केला नगर पंचायत भखारा पार्षद एवं समाजसेवी हरक जैन, समाजसेवी ललित जैन, व्यापारी वर्ग हेम नारायण गौर सेवानिवृत्त शिक्षक एवं दुलार सिन्हा समाजसेवी उपस्थित रहे अतः माउन्ट आबू से पधारें बी के ज्ञानेश्वर भाई । इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रहे चैतन्य देवियों की झांकी प्रभात फेरी में निकाला गया साथ ही चैतन्य झांकी में शंकर गौरी लक्ष्मी नारायण राधे कृष्ण और निराकार शिवलिंग का प्रतिमा था इन झांकियों के साथ पूरे भखारा भठेली नगर का भ्रमण किया गया 7 सबसे पहले शिवलिंग के सामने दीप प्रज्वलन किया गया उसके पश्चात स्वागत गीत में बच्चों के द्वारा नित्य किया गया अतिथियों का स्वागत सत्कार भी किया गया एवं तपस्या भवन में परमात्मा पिता की ध्वजारोहण कर जन्मदिन उत्सव के रूप में केक काटा गया सभी अतिथियों ने महाशिवरात्रि का कोटि कोटि बधाई दिया एवं कहा सत्य ही शिव है और शिव ही सुंदर है अतः सेवा केंद्र के मुख्य संचालिका बी के करुणा बहन ने कहा महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व को सभी लोग शिवरात्रि के रूप में मनाते है लेकिन हम यहां शिवजयंती के रूप में मनाते हैं अर्थात परमात्मा पिता के जन्म दिवस के रूप में अर्थ सहित मनाते हैं शिवरात्रि का अध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा की शिवरात्रि रात्रि मतलब की कलयुग रूपी रात्रि में जब अज्ञान का अंधकार छा जाता है सभी तरफ़ काम ,क्रोध, लोभ, मोह ,अहंकार, ऐसे अनेक बुराई व्याप्त हो जाती हैं ऐसे समय पर अपने वायदे अनुसार परमपिता परमात्मा शिव इस धरती में एक अनुभवी बूढ़ा तन का आधार ले आते हैं और सभी मनुष्य आत्माओं को मनुष्य से देवतुल्य बनाते हैं पूजनीय बनाते हैं।

## कानून से खुद को बड़ा न समझे भाजपा नेता : कांग्रेस

**रायपुर 20 फरवरी ।** पूर्व मंत्री राजेश मूणत के द्वारा गिरफ्तार करने की चुनौती देने वाले बयान पर तीखा पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जनता की शिकायत मिली तो राजेश मूणत क्या चीज है, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह पर भी कानूनी कार्यवाही होगी। प्रदेश में कानून का राज है। यहां मुख्यमंत्री के पिता के खिलाफशिकायत होने पर उनकी गिरफ्तारी हुई थी। राजेश मूणत को अपने दिमाग में बैठे अहंकार और घमंड को निकाल देना चाहिए और कानून का सम्मान करना चाहिए। राजेश मूणत के इसी अहंकार के चलते पश्चिम विधानसभा में उनकी करारी हार हुई है और पश्चिम विधानसभा के भाजपा के कार्यकर्ता भी राजेश मूणत से दूरी बना कर चलते हैं। भाजपा की सत्ता चली गई लेकिन अहंकार और घमंड आज भी बाकी है रस्सी जल गया है लेकिन बल खत्म नहीं हुआ है और यही अंधकार और घमंड भाजपा की ताबूत में आखिरी कील ठोकेगा।

## भखारा में श्रीमद भागवत कथा 21 फ़रवरी से

**अंवरी 20 फरवरी।** नगर पंचायत भखारा में 21 फ़रवरी से 01 मार्च तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । कथा वाचक ब्रम्हालीन संतश्री पावन दिवान के कृपापात्र शिष्य पं. सूर्यभान चौबे जी महाराज पंडरभट्टा मुंगेली होंगे। भागवत कथा श्रीधाम वृन्दावन रामलीला मैदान नगर पंचायत भखारा में आयोजित होंगे। इसकी तैयारी में संतराम साहू एवं अश्वनी साहू सहित समस्त परिवार लगे है।

## लाशों पर राजनीति करना भाजपा का पुराना शगल: कांग्रेस

**रायपुर 20 फ़रवरी ।** भाजपा द्वारा चक्का जाम कर जनता को परेशान करने पर की गयी कानूनी कार्यवाही को आलोकतांत्रिक बताये जाना भाजपा की खीझ है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि तीन भाजपा नेताओं की नक्सलियों द्वारा की गयी हत्या पर भाजपा जिस प्रकार की राजनीति कर रही वह स्तरहीन और अवसरवादिता है। प्रदेश में जब भाजपा की सरकार थी तब कांग्रेस के 23400 से अधिक कार्यकर्ताओं के ऊपर चक्का जाम और धरना प्रदर्शन किये जाने के कारण आपराधिक मुकदमे दर्ज किये गये थे। जब भाजपा की सरकार थी तब भाजपा को लोकतंत्र की याद नहीं आती थी। भाजपा के राज में 118 कांग्रेस नेताओं की नक्सलियों ने हत्या किया था, जीरम के हमले में कांग्रेस के 32 नेताओं की घात लगाकर हत्या कर दी गयी थी तब तो कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा को जानबूझकर तत्कालीन भाजपा सरकार ने सुरक्षा नहीं दिया था, तब भाजपा को विपक्ष के अधिकार याद नहीं आया था। आज जब छत्तीसगढ़ ज्यादा सुरक्षित है विपक्ष को ज्यादा सुरक्षा और स्वतंत्रता मिली हुई है तब भाजपा लोकतंत्र की दुहाई दे रही है। भाजपा के पास मुद्दे नहीं है वह सत्ता में रहते-रहते सुविधा भोगी हो चुकी है।

# छत्रपति शिवाजी महराज की नवनिर्मित प्रतिमा की पुताई गोबर पेंट से करने की मुख्यमंत्री ने की सराहना

**बालोद,20 फरवरी**



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज बालोद जिले के अर्जुंदा तहसील के ग्राम परसतराई में दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के 53 वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पुलगांव दुर्ग में कुर्मी समाज हेतु भवन निर्माण कार्यो हेतु 01 करोड़ तथा परसतराई के सरपंच की मांग पर मुक्तिधाम, प्रतिक्षालय एवं पहुंच मार्ग हेतु 25 लाख की घोषणा की। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं गुण्डरदेही विधानसभा विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, राज्य श्रम कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री केशव बंटी हरमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा, कृषि उपज मंडी बालोद के अध्यक्ष श्री भोलाराम देशमुख, दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र हरमुख, वरिष्ठ समाजसेवी श्री हरदेव दिल्लीवार, समाज संरक्षक श्री राम सहाय देशमुख, एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुख उपस्थित थे। इस दौरान श्री बघेल ने ग्राम परसतराई में वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी की मूर्ति का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महराज की प्रतिमा की पुताई गोबर पेंट से करने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसकी सराहना की। श्री बघेल ने कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ महतारी एवं समाज के विभूतियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया। इस दौरान श्री बघेल ने छत्रपति शिवाजी के अद्वितीय पराक्रम, राष्ट्रभक्ति तथा नैतिक एवं मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत जीवन के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवाजी की सेना छोटी जरूर थी, लेकिन उनका आत्मबल, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति का कोई सानी नहीं था। उन्होंने अपने आत्मबल के दम पर मुगल सेना से पूरी दृढ़ता के साथ मुकाबला किया। इस अवसर पर उन्होंने दिल्लीवार समाज की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिल्लीवार समाज अपने विशिष्ट खान-पान, रहन-सहन, व्यापार से पहचाना जाता है।

आज मैं दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। इसके लिए उन्होंने समाज के लोगों को हृदय से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर दिल्लीवार समाज के लोगों ने श्री बघेल को छत्तीसगढ़ी व्यंजन से तौल कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उच्च पदों पर चयनित होने वाले दिल्लीवार समाज के युवक-युवतियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव, महिला समिति अध्यक्ष प्रीति देशमुख, युवा समिति अध्यक्ष श्री योगेश्वर देशमुख, महामंत्री श्री अशोक कुमार देशमुख सहित बड़ी संख्या में दिल्लीवार समाज के लोग उपस्थित थे।

# संतों की वाणी सुनने का मौका मिलना बड़े सौभाग्य की बात:कुलबीर छाबड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 20 फरवरी।** सदगरू कबीर साहेब एवं धनीधर्मदास साहेब की कृपा एवं पंथीश्री हुजुर प्रकाश मुनि नाम साहेब के आशीर्वाद से महंत तुलसी साहेब कोसमंदा द्वारा कबीर सत्संग समिति द्वारा त्रिदिवसीय सत्संग प्रवचन 15 से 17 फ़रवरी तक ग्राम भोथीपार कला में आयोजित किया गया। संत समागम प्रवचन सुनने व संत साहेब जी से आर्शीवाद लेने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा उक्त आयोजन में पहुंचे ।

संत समागम को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि संतों के समागम व उनके प्रवचनों का सुनने का मौका मिलना उनके लिए परम सौभाग्य की बात है जिसके लिए संत साहेब जी को शत-शत प्रणाम करता हूं। संत साहेब जी मानवता में प्रेम की अलख जगाने वाले है। मानव को मानवता की ओर ले जाने में संतों का अहम योगदान रहा है। युगदृष्टा संत शिरोमणी कबीर दास ने अपने दोहों, विचारों और जीवनवृत्त के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक, आध्यात्मिक जीवन में अतुलनीय योगदान है उनकी एक-एक बात अनमोल है उनकी वाणी को संकल्प के साथ अपने जीवन में आत्मसात जरूरी है। उनके बताएं मार्ग पर चले। इस दौरान श्री छाबड़ा ने शॉल व श्रीफल चढ़ाकर संत साहेब जी का आर्शीवाद लिया और सत्संग के चौका आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, पार्षद मनीष साहू, महेश्वर साहू, कुंदन चंद्राकर सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मंडई मेला,महाशिवरात्रि महोत्सव मलपुरी का शुभारंभ रोहित चंद्राकर ने किया

**राजनांदगांव 20 फरवरी।** समीपस्थल ग्राम मलपुरी में जय बाई माता एवं शिव मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय महोत्सव के शुभारंभ रोहित चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव लीलाधर साहु उपाध्यक्ष जिला भाजपा राजनांदगांव योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव देबु यादव वरिष्ठ कांग्रेसी ने पुजा अर्चना कर शुभारम्भ किया समिति सदस्य ने अतिथि के तिलक एवं बैंच लगाकर सम्मान किया सर्व प्रथम महिला मानस मंडली मुड़पार मंचन शुभारंभ किया मंच उद्घाटन किया गया मंच के लिए3लाख रोहित चंद्राकर 2लाख पीतांबर कतलम ने दिया और सौर ऊर्जा के लिए पीतांबर कतलम क्षेत्रीय जनपद सदस्य 50हजार 50हजार रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य ने दिया लीलाधर साहु ने विधायक निधि से मंदिर प्रांगण के निर्माण 2लाख घोषणा किया अतिथियों ने क्षेत्र वासियों को महाशिवरात्रि हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिया और बाई माता एवं शिव की कृपा से क्षेत्र लोग खुशहाल जीवन जी रहे हैं महोत्सव में बड़ी संख्या क्षेत्र लोगों उपस्थित बताते कि शंकर जी कृपा से ही संभव है समिति सदस्य कुंदन चंद्राकर सनद ठाकुर दीपक मंडावी मनोज यादव नेतराम साहु हीरु यादव रामाधीन ठाकुर सहित क्षेत्र लोगों उपस्थित रहा जस झांकी अतिथि कलेन्दी बाई यादव सरपंच मुड़पार निशा साहू सरपंच उसडीबोड अशोक कौशिक उपसरपंच भागवत दास वैष्णव पंच लाला राम निषाद स्थानीय कलाकारों रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता अतिथि पीतांबर कतलम क्षेत्रीय जनपद सदस्य जितेंद्र चंद्राकर बैंक प्रबंधक सुरगी लक्ष्मी नारायण साहु वरिष्ठ कांग्रेसी पहलाद उइके नारायण ठाकुर ने कलाकारों सम्मानित किया अतिथियों को संरक्षक सनद ठाकुर कुंदन चंद्राकर दीपक मंडावी दावरका साहु मनोज यादव अंकालु रामाधीन ठाकुर ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया मंदिर प्रांगण में दिन भर पुजा पाठ के सिलसिला चलता रहा।

# राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य भगवान राम के भरोस



**नगरी/सिहावा 20 फरवरी।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में भगवान श्री राम के वनवास काल से जुड़े स्थलों को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रारंभ की गई राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना की निर्माण कार्य की गति कछुए की चाल की तरह धीमी गति से हो रही है, हमारे प्रतिनिधि ने इस लेट लतीफी का कारण जाना तो इसमें अधिकारीयों की लापरवाही सामने आई है उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम के ननिहाल के रूप में संपूर्ण विश्व में अपनी अलग पहचान रखता है इस पर्यटन परिपथ से धमतरी जिला के सिहावा क्षेत्र में कदम कदम पर भगवान श्री राम के दर्शन होंगे और उनसे जुड़ी महत्व की कथाएं आज की पीढ़ी को देखने और सुनने को मिलेगी इसी परिप्रेक्ष्य में नगरी से सिहावा रोड के बीच पहाड़ी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना है इसके तहत पहाड़ी के उपर भगवान श्री राम के तीस फीट ऊंची प्रतिमा लगाया जाना है इसके साथ ही पर्यटकों के ठहरने के लिए 6 ब्लाक वाली रिसोर्ट, नीचे से उपर तक सी सी रोड, सप्तर्षियों का कुटिया, गार्डन पार्किंग वीआईपी होटल के साथ ही राम वन गमन का मुख्य गेट बनाया जाना है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और अधिकारी के अनदेखी की वजह से निर्माण कार्य को गति नहीं मिल रहा है।

## सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग-2023 के चौथे मुकाबले में भोजपुरी दबंग ने पंजाब दे शेर को हराया

**रायपुर 20 फरवरी।** सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) 2023 रीलोडेड में भोजपुरी दबंगों ने शानदार प्रदर्शन किया था, जिन्होंने सीसीएल 2023 के मैच 4 में पंजाब डी शेर के साथ 26 रनों से एक दिलचस्प मुकाबला जीता। भोजपुरी दबंग्स ने अपने पहले मैच में 3 विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाए। जिसका पीछा करते हुए पंजाब डी शेर ने 13 रन की बढ़त खोकर 4 विकेट पर 91 रन बनाए। भोजपुरी दबंगों ने अपनी दूसरी पारी में प्रत्येक पक्ष के लिए 8 ओवर की सीमित पारी में 113 रन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए 2 विकेट पर 99 रन बनाए। जिसका पीछा करते हुए पंजाब डी शेर 26 रन से हार गए। खेल मनोरंजक था और दोनों टीमों ने कुछ अद्भुत प्रदर्शन दिखाए। रायपुर के एक प्रसिद्ध नेता श्री बृज मोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ विधान सभा के सदस्य, घरेलू टीम भोजपुरी दबंगों को चीयर करने के लिए भोजपुरी और पंजाबी फिल्म उद्योग के लोकप्रिय सितारों के साथ-साथ अभिनेत्रियों की उपस्थिति में ग्लैमर से जुड़ रहे थे। पहली पारी भोजपुरी दबंगः भोजपुरी दबंग ने निर्धारित 10 ओवर में 3 विकेट पर 104 रन बनाए। आदित्य ओझा ने 23 गेंदों में 7



# अभा वॉलीबॉल प्रतियोगिता के महिला वर्ग में कोलकाता,पुरुष में विशाखापटनम विजता रहा

**राजनांदगांव,20 फरवरी।** तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री प्रफुल्ल ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल व फिरोज अंसारी अध्यक्ष छ.ग. हॉकी संघ एवं अन्य अति विशिष्ट अतिथियों के सान्निध्य में किया गया पुरस्कार वितरण ।

राजनांदगांव में पहला शहीद कप आखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का अयोजन 17-18-19 फरवरी 2023 तक जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा तीन दिवसीय प्रतियोगिता जिला वॉलीबॉल संघ के संयोजन में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता की परिकल्पना तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा की गई थी जिसका शुभारंभ दिनांक 17.02.2023 को जिलाधीश श्री डोमन सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा ने किया, समापन व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 19.02.2023 को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव वर्तमान पुलिस अधीक्षक सी.एम. सिक्योरिटी श्री प्रफुल्ल सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, अध्यक्ष छ.ग. हॉकी संघ फिरोज अंसारी एवं अन्य अति विशिष्ट अतिथियों के सान्निध्य में



संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में 06 राज्यों तथा पुरूष वर्ग में 07 राज्यों की टीमों ने भाग लिया। ज्ञातव्य है कि इस प्रतियोगिता का आयोजन जिले के पुलिस जवानों की शहादत में किया गया।महिला वर्ग का खिताब कोलकाता को मिला - तमिलनाडु पुलिस, साई त्रिवेन्द्रम व एच.की.सी. भिलाई ने क्रमशः- दूसरे से चौथे स्थान को प्राप्त किया। पुरूष वर्ग का खिताब विशाखापटनम को मिला - साई त्रिवेन्द्रम तमिलनाडु पुलिस तथा साई गुजरात ने क्रमशः दूसरे से चाथे स्थान को प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेस्ट टेकर- कु. प्रेरणा पाल एवं आदि, बेस्ट सूटर- कु. रूखसाना एवं मोहसिन, बेस्ट ब्लॉकर कु. शिल्पा एवं एन.एन. वर्गीस, बेस्ट लिको कु. जया प्रिया एवं नानी चुने गये।इस आयोजन में राजनांदगांव के वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ी कौशल प्रसाद नायक, शंकर लाल यादव, एस.एन. नेमा. नरेन्द्र कुमार शुक्ला, दीपक भट्ट, नैमुफीन हल्की, सत्येन्द्र पांडेय, रूस्तम अली, मधु श्रीवास्तव, राजेन्द्र राय, एवं दीपक मिश्रा, को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक सीएम सिक्योरिटी श्री प्रफुल्ल ठाकुर, डी.एस.पी. हेम प्रकाश नायक जी सहित जिला वॉलीबॉल संघ के रेखा पदम, संध्या पदम, नितिन पांडेय, देवेन्द्र, रूबी गरचा, मो. अकरम, अब्दुल हकीम, शरद, दिलीप, रूस्तम अली, गुरजिन्दर जी, साहिल उनकी पूरी टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन गजेन्द्र हरिहारनों एवं नितिन पांडेय ने किया। आभार ज्ञापन जिला0 वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष रूबी गरचा ने किया। यूट्यूब चैनल पर पूरे मैच का प्रसारण लाइव चलता रहा, इस प्रकार राजनांदगांव में शहीद कप अखिल भारतीय (महिला/पुरूष) वॉलीबॉल 03 दिवसीय प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक समापन हुआ।

## महाशिरात्रि महोत्सव सोल्लास मनाया

**रायपुर,20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं को संरक्षण एवं संवर्धन करने हेतु संकल्पित संस्था चित्रोत्पला लोक कला परिषद द्वारा संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से गत 18 , 19 फरवरी



को ग्राम झिट पाटन में महाशिवरात्रि उत्सव 2023 का आयोजन किया गया जिसमें भजन,फाग,लोकगीत,रामायण एवम पंडवानी विधा के लगभग सौ कलाकारों ने हिस्सा लिया परिषद द्वारा लोक कला में योगदान के लिए लोककलाकारों तथा सामाजिक राजनैतिक क्षेत्रों में काम करने वाले चालीस लोगो को सम्मानित किया गया.

## डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर बिलासा लोककला सम्मान से सम्मानित

**रायपुर,20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के कला संस्कृति के विकास में निरंतर किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य एवं सेवा के लिए छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को बिलासा लोककला सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान 33वॉ बिलासा कला मंच



द्वारा बिलासपुर के पं. देवकीनंदन दीक्षित कन्या शाला परिसर बृहस्पति बाजार बिलासपुर में मुख्य अतिथि शैलेश पांडे जी माननीय विधायक बिलासपुर, अध्यक्ष श्री प्रवीण झा जी समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि डॉ अजय पाठक जी वरिष्ठ साहित्यकार, राजेश सिंह जी पार्षद, नगर निगम बिलासपुर, इरशाद अली जी, डॉ. सोमनाथ यादव संस्थापक एवं समस्त बिलासा कला मंच परिवार बिलासपुर के कार्यकर्ता की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा देशभर के विभिन्न महोत्सव लोकोत्सव एवं पर्व में छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को सुंदर ढंग से प्रस्तुत करने एवं छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने का कार्य कर रहे हैं। बिलासा लोक कला महोत्सव में डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत लोकरंजनी लोककला सांस्कृतिक समिति रायपुर द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दिया गया हजारों की संख्या में आए दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

## हैकरीबूट बीआईटी दुर्ग और ओपिंको कम्युनिटी ने साथ मिलकर आयोजित किया साइबरक्रैक्स

**रायपुर,20 फरवरी।**हैकरीबूट बीआईटी दुर्ग और ओपिंको कम्युनिटी के सहयोग से साइबरक्रैक्स नामक दो दिवसीय साइबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबरक्रैक्स छत्तीसगढ़ में पहला साइबर सुरक्षा कार्यक्रम था। यह कार्यक्रम बीआईटी दुर्ग के कैंपस पर आयोजित किया गया। दिन 1 का सत्र छात्रों को साइबर सुरक्षा की बुनियादी जानकारी और विभिन्न करियर अवसरों के साथ




वास्तविक प्रदर्शन द्वारा प्रदान करने पर जोर दिया गया था। दूसरे दिन ÷कैप्चर द फ्लैग÷ प्रतियोगिता शामिल थी जिसमें पिछले दिन वक्ताओं द्वारा कवर किए गए विषयों को लागू करने पर आधारित था। इस सत्र का नेतृत्व एनटीटी जीडीसी में वरिष्ठ सोसीओ एनालिस्ट अनिरुद्ध नायर द्वारा किया गया था। वह प्रमाणित इथिकल हैकर, प्रमाणित साइबर-अपराध जांचकर्ता, प्रमाणित साइबर खतरा इंटेलिजेंस एनालिस्ट है। यह कार्यक्रम डॉ सुनीता सोनी, प्रोफेसर सुमित सार और प्रोफेसर दिनेश भावनानी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम के सफलता में कैंपस के अध्ययनकर्ता और छात्र स्वयंसेवकों के समर्थन और मार्गदर्शन का बड़ा योगदान था - धीरज घोष, अतुल्य सिंह, कार्तिकेय रावत, रित्विक कुंडू, सोनल जैन, मनस्वी सिन्हा, शश्वत गुप्ता, पूर्वा दीवान, राशि चौहान, ऋषिका जैन, पीयूष जोशी, ईशु पाठक, शशांक यादव, श्रुति पांडेय, साक्षी मिश्रा, हितेश वर्मा, मयंक लक्केवार। बी.आई.टी दुर्ग के अधिकारियों, निदेशक डॉ। अरुण अरोड़ा, प्रमुख डॉ। एम.के. गुप्ता और उप प्रधानाचार्य डॉ। मनीषा शर्मा ने इस कार्यक्रम और इसकी आयोजन टीम की एक जानकारीपूर्ण कार्यक्रम के लिए सराहना की।

## भाजपा आरक्षण विरोधी, जनता विरोधी पार्टी : आशीष शर्मा



**अंवरी 20 फरवरी।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद के अध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कुरूद ब्लाक के सिर्री क्षेत्र में सक्रिय होने के साथ साथ राजनीतिक मुद्दों के खिलाफ कांग्रेस की आवाज बुलंद होती नजर आ रही है। जिसमें कि आरक्षण को लेकर भाजपा के द्वारा की जा रही राजनीति के बारे में कांग्रेस पार्टी द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आरक्षण के नए विधेयक को विधानसभा में भाजपा सहित अन्य दलों, पार्टियों द्वारा पूरा समर्थन दिया गया। बाद में इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित किए जाने के बाद विधेयक पर हस्ताक्षर न करना भाजपा द्वारा राज्यपाल पर डाले जा रहे दबाव को दर्शाता है। सांप्रदायिकता, कट्टरता, सामाजिक असमानता, महंगाई और बढ़ते पेट्रोल डीजल के दाम के खिलाफ कांग्रेस द्वारा जनजागरूकता गांव गांव में फैलाई जा रही है। कांग्रेस कमेटी कुरूद ब्लाक अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि आरक्षण के नए विधेयक में हस्ताक्षर पर भापजा द्वारा अडंगा डाला जा रहा है जिसके चलते वह अपना दोहरा चरित्र जनता के समक्ष प्रस्तुत कर स्वयं को जनता विरोधी और आरक्षण विरोधी पार्टी प्रमाणित कर रहा है। साथ ही छत्तीसगढ़ के युवाओं और छात्र छात्राओं के वर्तमान के कीमती समय और भविष्य के साथ खिलवाड़ की जा रही है। भाजपा द्वारा आरक्षण पर की जा रही इस राजनीति का शिकार युवा और उनका भविष्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि आरक्षण हमारा संवैधानिक अधिकार है और यह अधिकारों की यात्रा है। इस यात्रा के दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाई गई मंहगाई, वृहद रूप से हो रहे भ्रष्टाचार, बढ़ते पेट्रोल डीजल के दामों में वृद्धि जैसी विफलताओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही इस अभियान का उद्देश्य जनता को आरक्षण जैसे मुद्दों पर सही और गलत के बीच के सोच को जागृत कराना और विरोधियों को अभियान के चलते आइना है। राहुल गांधी के नेतृत्व में निकली गई भारत जोड़ो यात्रा में बढ़ते पेट्रोल डीजल के दाम, महंगाई, भ्रष्टाचार और राजनीतिक व्यवस्था के अतिकेंद्रीकरण के खिलाफ जन जागरण का काम किया है।

## संपादकीय

# फिर विपक्षी एकता की गुहार

भारतीय राजनीति में लोकसभा चुनाव के पहले विपक्षी एकजुटता की कोशिशे शुरू हो जाती है। सभी दल चाहते हैं कि लोकसभी चुनाव में पीएम मोदी व भाजपा को हराना है। सभी का लक्ष्य एक है कि पीएम मोदी को सत्ता से हटाना है। विपक्ष चाहता तो है एकजुट होना लेकिन उसका कोई एक नेता नहीं है इसलिए हमेशा दिक्कत होती है। विपक्ष का कोई एक नेता जब तक नहीं होता है विपक्ष एकजुट नहीं हो पाता है। विपक्ष जब भी एकजुट हुआ है तो किसी एक नेता के नेतृत्व मे हुआ है। अभी ऐसा कोई नेता नहीं है कि जिसके नाम पर सभी दल राजी हो जाए कि हां इसके नेतत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। कोई एक नेता भी ऐसा नहीं है कि जो सभी दलों को पीएम मोदी के खिलाफ एकजुट कर सके। भाजपा का साथ छोड़कर लालू परिवारी की शरण में गए नीतीश कुमार ऐसे नेता नहीं है कि सबको जोड़ सकें लेकिन वह खुद को ऐसे नेता के रूप में पेश कर रहे हैं कि वही विपक्ष को एकजुट कर सकते हैं। चार महीने पहले नीतीश कुमार विपक्ष की एकता के लिए दिल्ली आए थे। तब उन्होंने कई विपक्षी नेताओं से मुलाकात की थी लेकिन विपक्षी नेताओं को एकजुट होने के लिए वे राजी नहीं कर सके। फिर वह चार महीने निष्क्रिय हो गए क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पांच महीने तक भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त रहने वाले थे, इसी दौरान नीतीश कुमार ने बिहार में समाधान यात्रा कर अपनी स्थिति को राज्य में मजबूत करने का प्रयास किया है। राहुल गांधी का यात्रा समाप्त हो चुकी है तथा नीतीश कुमार की यात्रा भी समाप्त हो गई है, इसलए नीतीश कुमार फिर एक बार विपक्षी एकता को लेकर सक्रिय हो गए हैं। फिलहाल तो उन्होंने अपने बयान के जरिए विपक्षी एकता जल्द से जल्द करने को कहा है। बिहार में हुए अभा कन्वेंशन में जदयू,राजद,कांग्रेस,भाकपा माले के नेताओं के बीच नीतीश कुमार ने कहा कि विपक्षी एकता समय की मांग है,विपक्षी एकता के लिए कांग्रेस के निर्णय के इंतजार है,कांग्रेस सभी विपक्षी दलों को एकजुट करे, नीतीश कुमार ने साफ कर दिया है कि उनकी इच्छा पीएम बनने की नहीं है।उन्होंने सलमान खुर्शीद से कहा कि आलाकमान तक संदेश पहुंचा दें कि यदि सभी विपक्षी दल एकजुट होकर 2024 का चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा को सौ सीट के नीचे सिमट जाएगी। इसका जवाब सलमान खुर्शीद ने यह कर दिया है कि कांग्रेस भी ऐसा ही चाहती है लेकिस सवाल उठता है कि पहले आई लव यू कौन बोलेगा। नीतीश के बयाने से तो लगता है कि पीएम मोदी को हराने के लिए सबसे ज्यादा जल्दी उन्हें ही है। जबिकि सलमान खुर्शीद की बातो से लगता है कि कांग्रेस को विपक्षी एकजुटता की कोई जल्दी नहीं है। यहां भी पेंच कौन बड़ा नेता है, इस बात का है। नीतीश कुमर एकजुटता के लिए सक्रिय होकर यह जाहिर करना चाहते है कि वही विपक्ष को एकजुट करने वाले नेता है. कांग्रेस उनका साथ दे, वह जैसा कह रहे हैं, वैसा कांग्रेस करे तो विपक्षी एकजुटता कोई मुश्किल काम नहीं हैं। नीतीश कुमार पीएम पद की दावेदार छोड़कर विपक्षी एकजुटता के लिए सबसे ज्यादा काम करने वाले नेता के रूप में पेश करना चाहते हैं। कांग्रेस को नीतीश कुमार को विपक्षी एकता करने वाले नेता के रूप में पसंद नहीं करती है। पिछली बार भी उसने कुछ नहीं कहा था, इस बार भी वह शायद ही ऐसा कुछ कहेगी या करेगी जिससे नीतीश कुमार को विपक्षी एकजुटता के लिए सक्रिय होने का मौका मिले।कांग्रेस हो सकता है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा-2 शुरू करना चाहती है, वह नहीं चाहती है कि राहुल गांधी यात्रा करें और विपणी एकता के प्रयास हों। कांग्रेस चाहती है कि राष्ट्रीय पार्टी वह है, वह जैस विपक्षी एकता चाहती है, वैसी विपक्षी एकती होनी चाहिए। वह राहुल गांधी को पीएम पद का उम्मीदवार मानती है तो बाकी दल भी राहुल गांधी को पीएम का उम्मीदवार मान लें। कांग्रेस पूरे विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी को देखना चाहती है लेकिन विपक्ष के कई नेता अभी तो राहुल गांधी को विपक्ष का नेता नही मानते हैं, ऐसा होतो ता तेलंगाना में केजरीवाल, भगवंत मान, अखिलेश यादव व केसीआर एकमंच पर न आए होते। उन्होंने एकमंच पर यह संकेत दे दिया है कि जो भी कांग्रेस के बिना विपक्षी एकजुटता चाहते हैं, वह इस मंच से जुड़ सकते हैं। नीतीश कुमार कांग्रेस के सहयोग से विपक्षी एकता चाहते हैं व केसीआर बिना कांग्रेस के विपक्षी एकजुटता चाहते हैं। यह गुत्थी सुलझाना कोई आसान काम नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आप सभी कार्यों को बेहतरीन तरीके से पूरा करने में सक्षम रहेंगे। आप की दबी हुई कोई प्रतिभा या बात लोगों के समक्ष उजागर होगी। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी। मन मुटाव का अन्त होगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**-आज दिनचर्या की गतिविधियों से हटकर किसी विशेष बात को गहराई से जानने के लिए समय व्यतीत करेंगे तथा अध्यात्म से जुड़े विषयों में विशेष रूचि रहेगी। अगर पैतृक संबंधी कोई मामला रुका हुआ है, तो आज किसी की मध्यस्थता से हल हो सकता है।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज आपका समय आपके साथ है। किसी को उधार दिया हुआ या रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है, इसलिए उसे वसूल करने में अपना विशेष रुप से ध्यान केंद्रित रखें। आज रिश्तेदारों अथवा पड़ोसियों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा हो सकती हैं। इस चर्चा में आपके द्वारा रखा गया मजबूत पक्ष आपके मान-सम्मान में वृद्धि करेगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज आपका समय मिलाजुला रहेगा। व्यस्तता व थकान हो सकती है। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी। परंतु जल्दबाजी की बजाय गंभीरता व सावधानी पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। अपने कर्मचारियों के साथ संबंध खराब ना होने दें अन्यथा काम की गति धीमी हो सकती हैं।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज आपकी ऊर्जा आपको औरों से बेहतर बनने में पूर्ण मदद करेगी। पारिवारिक लोगों की जरूरतों को पूरा करने तथा शॉपिंग वगैराह करने में समय व्यतीत होगा। आज रोजमर्रा की व्यस्ततम दिनचर्या में से कुछ समय सुकून और मौज मस्ती के लिए भी निकालेंगे।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आप मेहनतकश रहेंगे व पूरा लाभ भी मिलेगा। दोपहर बाद लाभदायक स्थितियां बन रही है, इसलिए दिन की शुरुआत में ही अपने महत्वपूर्ण काम पूरे करने संबंधी रूपरेखा बना लें। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। ऑफिस में अपने सहयोगियों के साथ किसी विशेष कार्य को लेकर विचार-विमर्श होगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज का दिन राहतभरा होगा व मानसिक शांति रहेगी। कहीं से मन मुताबिक पेमेंट आ जाने से राहत मिलेगी और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। धार्मिक संस्थाओं के सेवा संबंधी कार्यों में आपका विशेष योगदान रहेगा। सामाजिक दायरा बढ़ेगा और कई प्रकार की गतिविधियों में भी व्यस्तता बनी रहेगी। बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए बाहर व धूप में घूमने से परहेज करें।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज व्यापार फलदायक होगा। व्यस्त रहने से समय का सदुपयोग होगा। आयात निर्यात संबंधी व्यवसाय में विशेष अनुबंध प्राप्त होंगे। किसी भी प्रकार का व्यवसायिक कर्जा ना लें, नहीं तो आप किसी मुसीबत में पड़ सकते हैं। सरकारी नौकरी में वर्तमान परिस्थितियों की वजह से अधिक कार्यभार रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखना है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज आप मानसिक दृष्टि से विशेष राहत महसूस करेंगे। पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या का निवारण होने से आप स्वयं को तनाव मुक्त महसूस करेंगे। नजदीकी रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आप आराम की तलाश कर सकते हैं। व्यापार में भी कार्यभार की बहुत अधिकता रहेगी और अधिक मेहनत तथा परिणाम सामान्य ही हासिल होंगे। अभी ज्यादा मुनाफे की उम्मीद ना रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अपना काम समय पर पूरा ना होने की वजह से उच्च अधिकारियों की नाराजगी सहनी पड़ सकती हैं।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज आप गौरान्वित महसूस करेंगे। आपके सकारात्मक तथा सहयोगात्मक व्यवहार की वजह से परिवार तथा समाज में विशेष मान-सम्मान प्राप्त होगा। अगर कोई विवादित भूमि संबंधी परेशानी चल रही है, तो आज उसे किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह से हल करने की कोशिश करें, अवश्य ही सफलता प्राप्त होगी। तबीयत सम्बन्धित बात को नजरअंदाज न करें।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज भाग्य आपके और भी साथ है इसलिए आज आपको नए व्यवसायिक अनुबंध मिलने की पूरी संभावना है। अपना अधिक समय मार्केटिंग तथा प्रोडक्ट की क्वालिटी को बढ़ाने में लगाएं। नौकरी पेशा व्यक्तियों के अपने बॉस व उच्चाधिकारियों के साथ संबंध मजबूत बनेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभ होगा।

# विविधतापूर्ण संसार में सर्वांगीण विकास के लिए मातृभाषाओं का जतन अतिआवश्यक

### अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**



दुनिया में मातृभाषा शब्द जिसे हम माँ का दर्जा देकर व्यक्त होने की शक्ति कहते है, इस एक शब्द में ही एक विशेष क्षेत्र का संसार बसा है। इसमे संस्कृति, ज्ञान, पहचान, शिक्षा, परंपरा, रीति-रिवाज, कलाकौशल, पहनावा, त्योहार, व्यवहार, कार्यपद्धति, व्यवसाय, जीवनशैली जैसे जीवनभर के विविधतापूर्ण चरणों का समावेश होता है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरण होते रहते है। उदहारण के लिए आदिवासी भाषाएं एक क्षेत्र के वनस्पतियों, जीवों और औषधीय पौधों के बारे में ज्ञान का खजाना हैं। हालाँकि, जब किसी भाषा का पतन होता है, तो वह ज्ञान प्रणाली पूरी तरह से समाप्त होकर विविधतापूर्ण चरणों का एक विशेष ज्ञानरूपी संसार का अंत हो जाता है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपनी मातृभाषा का ज्ञान गर्व का विषय है एवं मातृभाषा के जतन व प्रसार के लिए सभी ने सर्वदा प्रयासरत होना ही चाहिए।

मातृभाषा यह उस भाषा को संदर्भित करता है, जो बच्चे को जन्म के बाद सुनने को मिलती है जिसे एक बच्चा जन्म से सीखता है, यह हमारी भावनाओं और विचारों को एक निश्चित आकार देने में मदद करती है। अन्य महत्वपूर्ण सोच कौशल, दूसरी भाषा सीखने और साक्षरता कौशल में सुधार के लिए मातृभाषा में सीखना महत्वपूर्ण है। व्यापक विकास के लिए मातृभाषा में बोलना-सीखना बहुत आवश्यक है, यह अपनेपन की भावना प्रदान कर अपनी जड़ों को समझने में मदद करती है। यह संस्कृति से जोड़ कर उन्नत संज्ञानात्मक विकास सुनिश्चित करती है, और विभिन्न भाषाओं की सीखने की प्रक्रिया में सहायता है। भाषाई सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए हर साल 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम बहुभाषी शिक्षा - शिक्षा को बदलने की आवश्यकता यह है। यूनेस्को मातृभाषा या पहली भाषा के आधार पर बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहित और बढ़ावा देता है। मातृभाषा द्वारा घर और स्कूल के बीच के अंतर को कम करके परिचित भाषा में स्कूल के माहौल को बनाकर छात्र बेहतर सीखते हैं।

अनुसंधान से पता चलता है कि मातृभाषा में शिक्षा समावेश और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है, और यह सीखने के परिणामों और शैक्षणिक प्रदर्शन में भी सुधार करती है। मातृभाषा पर आधारित बहुभाषा शिक्षा सभी शिक्षार्थियों को समाज में पूर्ण रूप से भाग लेने के लिए सशक्त बनाती है।

यह आपसी समझ और एक दूसरे के प्रति सम्मान को बढ़ावा देती है और सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत की संपत्ति को संरक्षित करने में मदद करती है जो दुनिया भर की हर भाषा में निहित है। अनेक देशो के अधिकांश छात्रों को उनकी मातृभाषा के अलावा अन्य भाषा में पढ़ाकर छात्रों के सीखने की उनकी क्षमता से समझौता किया जाता है। अनुमान है कि दुनिया की 40त्न आबादी की उस भाषा में शिक्षा तक पहुंच नहीं है जिसे वे बोलते या समझते हैं। लुप्त हो रही या लुप्त होने की कगार पर खड़ी अनेक भाषाओं को पुनर्जीवित करना बहुत जरुरी है। हर 15 दिन में एक भाषा अपने साथ पूरी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत लेकर गायब हो जाती है। दुनिया में बोली जाने वाली अनुमानित 7000 भाषाओं में से कम से कम 43त्न लुप्तप्राय हैं। इस सदी के अंत तक 1,500 ज्ञात भाषाएँ खत्म हो जाएगी। आधुनिकता, वर्तमान उच्च शिक्षा और गतिशीलता कुछ छोटी भाषाओं को हाशिए पर डालकर कमजोर कर देती है। 7,000 विश्व भाषाओं में से 90त्न का उपयोग 1 लाख से कम लोगों द्वारा किया जाता है। 10 लाख से अधिक लोग 150-200 भाषाओं में बात करते हैं। वास्तव में, दुनिया में मातृभाषा (पहली भाषा) के रूप में सबसे लोकप्रिय भाषा मंदारिन चीनी है, 2022 में 929 मिलियन लोग हैं जो इस भाषा को बोलते हैं, दूसरे स्थान पर स्पेनिश है, और तीसरे स्थान पर अंग्रेजी है उसके बाद हिंदी और फिर बंगाली है। एशिया में विश्व की 2,200 भाषाएँ हैं, जबकि यूरोप में 260 हैं। यूनेस्को का कहना है कि 2,500 भाषाओं के विलुप्त होने का खतरा है। भारत में 121 ऐसी भाषाएँ हैं जो 10,000 या उससे अधिक लोगों द्वारा बोली जाती हैं। 2011 की जनगणना के विश्लेषण के अनुसार, भारत में 22 अनुसूचित भाषाएँ हैं, और देश की 96.71 प्रतिशत आबादी की इनमें से एक मातृभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी यह है। 2011 के जनगणना अनुसार, देश के 52.8 करोड़ लोगों द्वारा हिंदी सबसे अधिक बोली जाने वाली मातृभाषा है, जो जनसंख्या का 43.6 प्रतिशत है। उसके बाद, 9.7 करोड़ लोग या 8 प्रतिशत आबादी बंगाली बोलती है, जिससे यह देश की दूसरी सबसे लोकप्रिय मातृभाषा बन गई है। भारत ने 1961 के बाद से 220 भाषाओं को खो दिया है। अगले 50 वर्षों में और 150 भाषाएँ लुप्त हो सकती हैं, उदाहरण के तौर पर पीपुल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार, सिक्किम में खत्म होने के कगार पर माझी भाषा है। वर्तमान में सिर्फ चार लोग हैं जो माझी बोलते हैं और वे सभी एक ही परिवार के हैं।

आज के आधुनिकता के समय में हम खुद अपनी मातृभाषा में बात करने को शर्माते है और अन्य भाषा में बात करने पर गर्व महसूस करते है। यदि कोई व्यक्ति अपनी मातृभाषा में बात करे तो उसे निम्नस्तर गिना जाता है, ये हमारा कौनसा विकास है जो हमें अपने ही संस्कृति से दूर ले जा रहा है। हमारी मातृभाषा, ज्ञान संस्कार के विरोधक हम खुद है अगर हम अपनी बोलीभाषा को बढ़ावा नहीं देते है तो। आज हमारे भारत देश की राष्ट्रीय भाषा हिंदी विश्वस्तर पर सबसे ज्यादा बोली जानेवाली भाषाओ में से एक के रूप में तेजी से बढ़ रही है। बंगाली, पंजाबी, उर्दू और तमिल भी अनेक देशों में आधिकारिक भाषा के रूप में जानी जाती है। बड़ी संख्या में विदेशी लोग भारतीय भाषाओं का ज्ञान आत्मसात कर रहे है, विश्वस्तर पर विदेशी विद्यापीठों, शिक्षासंस्थानों, डिजिटल तकनीक और ऑनलाइन व्यवहार में भारतीय भाषाओं को सम्मिलित किया जा रहा है। सरकार भी अब उच्च व व्यावसायिक शिक्षा को क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाने पर जोर देने के लिए प्रयासरत है। हमारे देश की क्षेत्रीय भाषा की फिल्में दुनियाभर में नया इतिहास रच रही है। चाहे कितनी भी भाषा सीख ले, परन्तु अपनी मातृभाषा में बात, व्यवहार करना और उसे अगली पीढ़ी तक सही ढंग से सहेजकर हस्तांतरित करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, आधुनिकता के लिए अपनी पीढ़ी दर पीढ़ी की पहचान ना भूलें। मातृभाषा पर हमेशा गर्व रहें, शर्म नहीं।

# ओपीएस : वे बांटें तो रेवड़ी ये बांटें तो प्रसाद ?

### मुद्दा

**तनवीर जाफ़री**



सरकारी नौकरियों की पुरानी पेंशन योजना समाप्त कर नई पेंशन योजना लागू किये जाने का राष्ट्रव्यापी विरोध जारी है। ग़ौर तलब है कि 'सरकारी नौकरी' ही देश में युवाओं के जीवन यापन के लिये उनकी पहली पसंद ही हुआ करती थी। क्योंकि किसी भी सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारी को उसकी सेवाकाल के दौरान निर्धारित मासिक वेतन के अतिरिक्त अनेक ढेर सारी सुविधायें तो मिलती ही थीं साथ ही प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को अनिवार्य पेंशन पाने का भी अधिकार प्राप्त था। अनिवार्य पेंशन सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले मूल वेतन का लगभग 50 प्रतिशत होता होता था। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त कर्मचारी को भी किसी भी कार्यरत सरकारी कर्मचारी की ही तरह लगातार महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी की सुविधा भी मिलती रहती थी। केंद्र सरकार ने इसी पुरानी पेंशन योजना को वर्ष 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सरकार के समय ख़त्म कर न्यू पेंशन स्कीम की घोषणा की थी । 2004 में पेंशन योजना को बंद करते समय अनेक अर्थशास्त्रियों द्वारा यह तर्क दिया जा रहा था कि पेंशन योजना देश की आर्थिक स्थिति के लिये बहुत घातक सिद्ध हो सकती है। कुछ अर्थशास्त्री तो पेंशन योजना को देश की भविष्य की वित्तीय तबाही का कारक तक बता रहे थे। यू पी ए सरकार में योजना आयोग के अध्यक्ष रहे मोंटेक सिंह अहलूवालिया जैसे अर्थशास्त्री उन दिनों सभी राजनीतिक दलों व सत्ताधारी पार्टियों को यह सीख दे रहे थे कि वे सभी 'व्यवस्था' को ऐसे क़दम उठाने से रोकें जो निश्चित रूप से वित्तीय तबाही का सबब है। अनेक ओ पी एस विरोधी अर्थ शास्त्रियों व सत्ताधारियों ने तो ओल्ड पेंशन स्कीम को 'सबसे बड़ी रेवड़ी' तक बता दिया है। चुनाव हेतु लाभकारी समझ कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को विभिन्न राज्यों में उछाला और जहाँ जहाँ उसे ओ पी एस लागू करने के वादे के बाद चुनावी सफ्लता मिली वहाँ वहाँ कांग्रेस ने ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल भी कर दिया। कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बाद अब हिमाचल प्रदेश में भी ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल किया जा चुका है। झारखण्ड में चल रही जे एम एम, कांग्रेस,आर जे डी व एन सी पी की महागठबंधन सरकार ने भी ओल्ड पेंशन स्कीम पुनः लागू कर दी है। आम आदमी पार्टी शासित पंजाब सरकार ने भी पुरानी पेंशन योजना को फ़िर से लागू कर दिया है। कांग्रेस की ओर से पुरानी पेंशन योजना पुनः बहाल किये जाने के पक्ष में जो तर्क दिये जा रहे हैं उन्हें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इन शब्दों से समझा जा सकता है कि- ÷ यदि देश 60 वर्ष तक ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करके और पेंशन देकर विकास कर सकता है तो क्या कर्मचारी को अपने बुढ़ापे के दौरान सुरक्षित महसूस करने का अधिकार नहीं है?÷ और ÷यदि कर्मचारी 30-35 साल नौकरी करता है और उसे बुढ़ापे में पेंशन भी नहीं मिलेगी तो गुड गवर्नेंस में वो कैसे भागीदारी कर सकेगा?÷ निश्चित रूप से देश के सेवानिवृत कर्मचारियों का यह एक ज्वलंत प्रश्न है कि एक ओर तो दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही मंहगाई,परिवार के सदस्यों में फैली बेरोज़गारी और ऊपर से परिवार के संरक्षक रुपी किसी बुज़ुर्ग सेवानिवृत कर्मचारी के जीवन यापन का एकमात्र सहारा यानी पेंशन का समाप्त हो जाना,देश की सेवा में अपना जीवन खपा देने वाले किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं तो और क्या है ?

इसके बावजूद भाजपा की वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार निकट भविष्य में भी पुरानी पेंशन योजना की बहाली की संभावना से फ़िलहाल इनकार कर रही है। जबकि विपक्ष इसे चुनावी मुद्दे के रूप में प्रमुखता से उठाना चाह रहा है। ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल किए जाने के लिए देश भर की ट्रेड यूनियंस भी इस विषय पर सरकार पर अपना दबाव बढ़ा रही हैं। अगले वर्ष यानी 2024 में लोकसभा के आम चुनावों से पूर्व छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान व तेलंगाना सहित नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।

पूरी संभावना है कि कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल राजस्थान,छत्तीसगढ़,हिमाचल प्रदेश,पंजाब व झारखण्ड की ही तरह इन चुनावी राज्यों यहाँ तक कि लोकसभा चुनावों में भी पुरानी पेंशन योजना की बहाली का मुद्दा पूरे ज़ोर-शोर के साथ उठा सकते हैं। विपक्ष को पूरी उम्मीद है कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली का मुद्दा उठा कर उन्हें अवकाश प्राप्त सरकारी कर्मचारियों के रूप में देश के एक बड़े वोट बैंक का साथ मिल सकता है जो सत्ता दिलाने में सहायक भी हो सकता है। उधर सत्ता ने 'लाभार्थी ' नामक एक नवनिर्मित वोट बैंक साधने की कोशिश की है जो केवल चंद महीने मिलने वाले 5 किलो अनाज पर ही सरकार का 'कृतज्ञ ' रहता है।

दूसरी ओर विभिन्न अर्थशास्त्रियों द्वारा पेंशन योजना को देश की भविष्य की वित्तीय तबाही का कारक बताते हुये सत्ता के सुर से अपना सुर मिलाना पुनः पेंशन बहाली की आस लगाये लोगों को इसलिये भी रास नहीं आता कि जब देश की आर्थिक स्थिति इस योग्य भी नहीं कि वह विगत 6 दशक से चली आ रही पेंशन योजना को और आगे चालू नहीं रख सकती फ़िर आख़िर वही सरकार सांसदों और विधायकों की प्रत्येक सदस्य्ता पर मिलने वाली अलग अलग पेंशन को भी समाप्त क्यों नहीं करती ? यह रेवड़ी नहीं तो क्या प्रशाद है ? देश यदि आर्थिक तंगहाली के दौर से गुज़र रहा है तो देश को लगभग 20 हज़ार करोड़ की लागत से बन रहे सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की क्या ज़रुरत थी ? देश के लोगों को प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के आठ हज़ार चार सौ करोड़ के अति मंहगे विमानों की ख़रीद से आख़िर क्या हासिल ? आर्थिक तंगहाली में सरदार पटेल की विराट प्रतिमा पर तक़रीबन तीन हज़ार करोड़ रूपये ख़र्च करने की क्या ज़रुरत ? बुलेट ट्रेन जैसी अति महंगी परियोजना देश के लिये क्यों ज़रूरी ? सत्ता के संरक्षण में पलने वाले अवांछित भगौड़ों द्वारा समय समय पर देश को लाखों करोड़ रूपये की चपत लगाई जाती रही है। क्या यह विषय आर्थिक तबाही का कारक नहीं ? ख़ुद सत्ताधारी अपना वोट बैंक साधने के लिये जब चाहें राशन बाटें,जिसे जब चाहें पैसे देकर लुभायें,लोगों को मकान बाँटें,शौचालय बनायें,गोशालायें बनाने,गंगा सफ़ाई आदि के नाम पर लाखों करोड़ रूपये पानी में बहा दें क्या यह सब आर्थिक तबाही के लक्षण नहीं ? ये सब 'रेवड़ियों ' की श्रेणी में नहीं ? सच तो यह है कि सरकार ने केवल पुरानी पेंशन योजना बंद कर के ही देश के वरिष्ठ नागरिकों से अपना मुंह मोड़ने का इज़हार नहीं किया है बल्कि कोविड के बाद रेल यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट को भी समाप्त कर अपनी नीति और नीयत का इज़हार कर दिया है। जिन्हें सेवानिवृत देशवासियों को पेंशन देना और उन्हें बुढ़ापे में रेल यात्राओं में छूट देना 'भारी वित्तीय बोझ' प्रतीत होता है उन्हें पेशेवर राजनीतिज्ञों पर होने वाले और इनके द्वारा अनावश्यक रूप से विभिन्न ग़ैर ज़रूरी योजनाओं के किये जाने वाले भारी भरकम व शाही ख़र्च की तरफ़ भी नज़र डालनी चाहिये। सत्ताधारियों द्वारा विपक्षी दलों द्वारा पुनः शुरू की गयी ओ पी एस को रेवड़ी बताना और स्वयं चुनाव के दृष्टिगत 'रेवड़ियां ही रेवड़ियां ' बांटते रहने का अर्थ तो यही है कि - वे बांटें तो रेवड़ी ये बांटें तो प्रशाद ?

# बीबीसी को लेकर बढ़ता विवाद

### चर्चित मुद्दा

**अजय दीक्षित**

पहले गुजरात दंगों को लेकर वीवीसी द्वारा बनाई गई डाक्यूमेंटरी को वैन किया गया। फिर कुछ दिन बाद इनकम टेक्स विभाग ने वीवीसी के दफ्तरों में जाकर अकांउट्स की जांच शुरू कर दी। ऐसा होते ही वीवीसी को लेकर वहसें होने लगीं। विपक्षियों ने इसे मीडिया की आजादी पर हमला कहा। कई का मानना रहा कि दुनिया बीबीसी की खबरनवीसी पर भरोसा करती है। मानते हैं कि खवर वनाने के उसके मानक ऊंचे हैं। उसे वैन करना बदले की कार्रवाई है। इसके वरक्स बीबीसी के आलोचक कहते रहे कि वीवीसी अव भी कॉलोनियल संस्था है। अपने पूर्व उपनिवेशों को अब भी उपनिवेश की तरह लेती है और



उनके अंदरूनी मामलों में दखल देती रहती है...इसी आधार पर एक वार इंदिरा गांधी ने भी वीवीसी पर वैन लगाया था। उसके दफ्तर सील कर दिए थे। उसके स्टाफ को वापस भेज दिया था... । इस वैन का कारण था बीबीसी द्वारा देश के तव के हालात को अपने पूर्वाग्रही नजरिए से बताना । वीवीसी का नजरिया तव की जनतांत्रिक सत्ता को निरंकुशतावादी वताता था । उसकी खवरें देश की शांति व्यवस्था के लिए खतरा नजर आती थीं । इसलिए इन्दिरा गांधी ने उसे वैन किया था। इन दिनों के वैन करने वाले यही कहते हैं। कि इन्दिरा गांधी ने भी तो अपने वक्त में बीबीसी को वैन किया था । हमने किया तो क्या गुनाह किया? आखिर, वह फिर से भारत की छवि को विद्रूपित करने के चक्कर में है। उसकी डाक्यूमेंटरी झूठ का पुलिंदा है । जव देश के सुप्रीम कोर्ट ने तव के गुजरात के सीएम और अव पीएम को गुजरात के दंगों में किसी भी प्रकार से लिप्त न पाकर, सभी आरोपों से बरी कर दिया तव वीवीसी क्यों गड़े मुरदे उखाड़ रही है? क्या वह सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर है? ऐसे आलोचकों का मानना है कि गुजरात के दंगों को फिर से कुरेदना बीबीसी की नव्य औपनिवेशिक राजनीति का हिस्सा है। आलोचक मानते हैं कि इस झूठी कहानी को गढ़ा है जेक स्ट्रॉ नामक गोरे नेता ने जो खुद इंग्लैंड के इस्लामिक तत्ववादियों से जुड़ा है, जो अक्सर ऐसी झूठी खबरें गढ़कर किसी हिट मैन की तरह काम करता है।

जव भारत की इकॉनमी उठान पर है, भारत को दुनिया में ताकतवर राष्ट्र के रूप में गिना जाने लगा है, दुनिया के देशों और बाजारों में छाई मंदी और मुर्दनी के बावजूद इण्डिया की ग्रोथ की कहानी सबसे बेहतरीन दर से बढ़ रही है, और उसकी इकॉनमी ने इंग्लैंड को भी पीछे छोड़ दिया है, ऐसे में यह डाक्यूमेंटरी लाई गई है। बीबीसी के आलोचक यह भी मानते हैं कि पीएम मोदी आज के भारत की तेज ग्रोथ की कहानी के महानायक हैं। भारत के विकास के सबसे बड़े प्रतीक हैं। ऐसे पीएम की छवि पर की जाती चोट, देश पर की जाती चोट है। उनकी छवि गिरती है तो इंडिया की छवि भी गिरती है और वाजार के सेंटीमेंट डाउन होते हैं। इस डाक्यूमेंटरी को इण्डिया की ग्रोथ की कहानी को डाउन करने के लिए बनाया गया है, इसलिए इसे वैन करना उचित है । वे यह भी कहते हैं कि सिर्फ सार्वजनिक प्रदर्शन पर ही रोक लगाई गई है, इंदिरा की तरह दफ्तर सील नहीं किए हैं, न कर्मचारियों को भगाया ही है। ऐसे आलोचक इस सबको देश के खिलाफ तिहरी साजिश की तरह देखते हैं जैसे कि पहले वीवीसी की डाक्यूमेंटरी का आना, फिर विश्व वाजार में शॉर्ट सेलिंग के उस्ताद हिंडनवर्ग की रिपोर्ट का आना और दुनिया के नंबरी सेठ अडाणी का गिरना और फिर दुनिया के सट्टाखोर अरवपति जॉर्ज सोरोस का मोदी और अडाणी के खिलाफ बोलना और अगले चुनाव में मोदी के न जीतने देने की वात कहना। एक ही पखवाड़े में एक नहीं, दो नहीं, तीन तीन हमले और वो भी विदेशी संस्थाओं के हम किसी तटस्थ व्यक्ति को यह बताने के लिए काफी है कि भारत को घेरा जा रहा है, और हमारे अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप किया जा रहा है।

जव सोरोस जैसा सटोरिया एक अरब डॉलर का फण्ड देकर खुलेआम इण्डिया को फेल करने, यहां के कई मीडिया व नीति संस्थानों को डॉलर देने का खेल खेलता हो, जिसके लोग हिंडनवर्ग से लेकर भारत जोड़ो तक से जुड़े दिखते हों वहां सत्ता पक्ष के तर्क और भी दमदार नजर आते हैं। फिर भी हमारा मानना है कि वीवीसी को वैन करना उचित नहीं लेकिन बीबीसी का कॉलोनियल नजरिए से काम करना भी सही नहीं ।

## सेहत

# केराटिन ट्रीटमेंट के बाद बालों की देखभाल के लिए अपनाएं ये तरीके

केराटिन बालों को सीधा करने वाला ट्रीटमेंट है। यह रासायनिक प्रक्रिया केराटिन (बालों में पाया जाने वाला एक रेशेदार प्रोटीन) की कमी को पूरा करके बालों को सीधा और चमकदार बना सकती है। हालांकि, केराटिन ट्रीटमेंट के फायदे बरकरार रखने और बालों को टूटने से बचाने के लिए जरूरी है कि आप अपने बालों की खास देखभाल करें। आइए आज हम आपको केराटिन बालों की देखभाल से जुड़े कुछ उपाय बताते हैं।

**हीट स्टाइलिंग उपकरणों का कम करें इस्तेमाल**-अगर आपने हाल ही में केराटिन ट्रीटमेंट करवाया है तो ऐसे हीट स्टाइलिंग उपकरणों का इस्तेमाल कम से कम करें और इस्तेमाल के दौरान इनका ताप सामान्य से मध्यम ताप सीमा में रखें। इसका कारण है कि कर्लिंग आयरन, ब्लो ड्रायर और स्ट्रेटनर जैसे हीट स्टाइलिंग उपकरणों के इस्तेमाल से बालों की नमी दूर होने लगती है, जिससे वे शुष्क और बेजान हो सकते हैं। ऐसे बाल आसानी से टूट सकते हैं।

**सही तरह से करें उत्पादों का इस्तेमाल**-केराटिन ट्रीटमेंट के बाद उसी तरह से उत्पादों का इस्तेमाल करें, जो सैलून वाले न बताया हो। जैसे कि हफ्ते में दो बार बालों को शैंपू और कंडीशनर करना और हफ्ते में एक बार हेयर मास्क लगाना आदि। आप अपने बालों की देखभाल के प्रति जितने सतर्क रहेंगे, बालों को नुकसान पहुंचने की संभावना उतनी ही कम होगी। इसके अतिरिक्त सल्फेट वाले उत्पादों का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि इनसे स्कैल्प और बालों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

**असाई तेल का करें इस्तेमाल**-असाई तेल विटामिन्स, एंटीऑक्सिडेंट और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो बालों को गहराई से पोषण देने में मदद कर सकते हैं। यह न केवल स्कैल्प के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है, बल्कि बालों को मजबूती प्रदान करने में भी कारगर हो सकता है। केराटिन ट्रीटमेंट के बाद भी इस तेल का इस्तेमाल करना लाभदायक हो सकता है। यह बालों की जड़ों को नमीयुक्त बनाए रखने में सहायक है।

**रसायन युक्त उत्पादों का न करें इस्तेमाल**-बाजार में मौजूद केराटिन बालों की देखभाल के लिए उत्पाद कितने प्रभावी होते हैं यह तो नहीं कहा जा सकता।

एक नजर

## 30 आदिवासी युवाओं को मुंबई भ्रमण के लिए आईटीबीपी फोर्स ने भेजा



**नारायणपुर,20 फरवरी।** नारायणपुर जिले में तैनात आईटीबीपी फोर्स नक्सलियों से लोहा लेने के साथ ही सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करती आ रही है । इसी कड़ी में नेहरू युवा केन्द्र एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार जिला कांकेर के तत्वाधान में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 29वीं, 45वीं एवं 53वीं वाहिनी द्वारा 14वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अर्न्तगत उक्त वाहिनियों के कार्यक्षेत्र में पड़ने वाले दूर-दराज के नक्सल प्रभावित गावों के 30 आदिवासी व युवा युवाओं को मुंबई (महाराष्ट्र) भ्रमण करने हेतु चयनित किया गया है। इस दल के॰ लिये चयनित युवाओं को भा0ति0सी0 पुलिस के एस्कॉर्ट के संरक्षण में दिनांक 21-02-2023 से 27-02-2023 तक मुंबई (महाराष्ट्र) में भ्रमण करवाया जाना है। प्रस्थान होने से पूर्व दिनांक 19-02-2023 को सामरिक मुख्यालय जेलवाड़ी में भानु प्रताप सिंह, सेनानी 45वीं वाहिनी द्वारा श्री अमित भाटी, सेनानी 53वी वाहिनी तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में भ्रमण दल को सम्बोधित करते हुये इन युवाओं को भ्रमण के दौरान विभिन्न किया-कलापों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छत्तीसगढ के आदिवासी युवाओं के विकास और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र से बाहर भ्रमण कर वह कई अन्य स्थानों के आधुनिक और आर्थिक विकास, संस्कृति, कला, पहनावा और कई अन्य पहलुओं के बारे में जान सकते हैं जिससे चरमपंथी विचारधारा / गतिविधियों के प्रति मानसिकता में बदलाव तथा राष्ट्रवाद के प्रति जागरुक किया जा सकता है। भा0ति0सी0 पुलिस एस्कॉर्ट के नेतृत्व में यह दल दिनांक 19-02-2023 को सामरिक मुख्यालय 43वीं वाहिनी से प्रस्थान करवाया गया।

# धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने किया सद्बुद्धि यज्ञ





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम,20 फरवरी।** सरकार से अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने नगर के महिला बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय के सामने धरना स्थल पर हवन का आयोजन किया और सरकार को सद्बुद्धि देने की कामना की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने बताया कि यह यज्ञ छःग के सीएम भूपेश बघेल और प्रदेश की महिला बाल विकास विभाग की मंत्री अनिला भेड़िया को सद्बुद्धि देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी मांगों को पूरा कर देती है तो इससे इसमें उनका और हमारा दोनों का भला होगा। हमें यदि सरकार द्वारा हमे निराश किया जाता है और हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती है तो आने वाले दिनों में सरकार को इसका खामियाजा लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भुगतना होगा। प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर वह सभी काफी आश्वस्त थे कि निश्चित ही सरकार द्वारा हमारी मांगों को पूरा किया जाएगा और कांग्रेस सरकार ने जनघोषणा पत्र में कहा था कि जब हमारी सरकार आएगी तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नर्सरी शिक्षकों का उन्नयन किया जाएगा। लेकिन सरकार द्वारा आज तक यह वादा पूरा नहीं किया गया है। जबकि प्रदेश के उन्नति और कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने में हमारा महत्वपूर्ण योगदान है। बता दे आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एव सहायिका विगत कई दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है । ऐसे में अंचल में आँगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं भी प्रभावित हो रही है।

■ नगर वासियों ने किया स्वागत

# दंतेश्वरी मंदिर से निकली हिंदू स्वाभिमान जागरण संत समाज पदयात्रा पहुंची नगर में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम,20 फरवरी।** अखिल भारतीय संत समिति के बैनर तले मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा से व मां भद्रकाली मंदिर भद्रकाली से निकली हिंदू स्वाभिमान जागरण संत समाज पदयात्रा रविवार शाम गीदम नगर पहुंची। गीदम के हारम चौक में पहुंचने पर सभी नगर वासियों ने सन्तो का भव्य स्वागत किया। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में हिंदू धार्मिक संत समाज के लोग बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। नगर पहुंचते ही सभी पद यात्रियों ने बाबा रामदेव मंदिर, शिव मंदिर व नगर के अन्य मंदिरों में पहुंचकर सभी देवी देवताओं के दर्शन किए। नगर के लोगों ने आरती और पुष्प वर्षा के साथ पद सन्तो का स्वागत किया। नगर में पदयात्रा और संतों के आगमन से पूरे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान नगर के हारम में भारत माता की आरती भी की गई। यह पदयात्रा सामाजिक समरसता और धार्मिक चेतना के उद्देश्य को लेकर निकाली जा रही है। साथ ही सनातन धर्म को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और धर्म के महत्व के बारे में भी लोगों को बताया जा रहा है। संतों द्वारा प्रतिदिन 20 से 25 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पदयात्रा निकाली जा रही है। यह पदयात्रा राज्य के 33 जिलों से होकर गुजरेगी और प्रदेश के चारों धाम मां महामाया मंदिर, मां बमलेश्वरी मंदिर, मां चंद्रहासिनी मंदिर, मां दंतेश्वरी मंदिर से संतों द्वारा यह पदयात्रा शिवरात्रि के दिन 18 फरवरी से निकाली गई है। यह पदयात्रा 17 मार्च को रायपुर में समाप्त होगी और 19 मार्च को रायपुर में वृहद स्तर पर संत समागम होगा जिसमें लगभग एक लाख से ज्यादा संत पहुंचेंगे। संत समाज ने सनातनी हिन्दू समाज, पंथ व समाज प्रमुखों एवं सभी संगठनो से आह्वान किया है कि समाज में बढ़ती हुई विषमता, भेदभाव, जनसंख्या असंतुलन, धर्मान्तरण, गौ तस्करी, भूमि व लव जिहाद एवं धार्मिक, सांस्कृतिक आक्रमण, आदि समस्याओं के समाधान व जागरण हेतु, संतो के नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर साथ चलें और इस पद यात्रा को सफल बनाए।



# विक्रम मण्डावी ने धाकड़ व दोरला समाज के सामाजिक भवनों का किया भूमिपूजन



**बीजापुर, 20 फरवरी।** धाकड़ समाज व दोरला समाज के लंबे समय से मांग थी कि ज़िला मुख्यालय बीजापुर में उनके लिए सामाजिक भवन हो, जिसे बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने पूरा किया और रविवार को ही बीजापुर के धाकड और दोरला समाज के लोगों की उपस्थिति में विधायक विक्रम मंडावी ने सामाजिक भवनों का भूमि पूजन किया। इन सर्वसुविदा युक्त भवनों के ज़िला मुख्यालय में बनने से धाकड समाज और दोरला समाज के सामाजिक बैठक व सामाजिक कार्य करने में सुविधा होगी। भूमि पूजन में आये समाज के लोगों ने समाज के लिए नये भवन की सौग़ात मिलने पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी और प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का आभार जताये है। भूमि पूजन के दौरान विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ÷प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की यह सोच थी कि प्रदेश के हर समाज का अपना एक सामाजिक भवन हो इसी सोच के अनुरूप जिले के अलग अलग समाज के लिए सामाजिक भवनों का निर्माण किया जा रहा है।भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुखलाल पुजारी, पार्षद कलाम खान, पार्षद लक्ष्मण कड़ती, पार्षद श्रीमती कविता यादव, ईटपाल सरपंच व विधायक प्रतिनिधि जगबन्धु मांझी, पीसीसी सदस्य जय कुमार नायर, जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता व धाकड समाज और दोरला समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पूर्व सेवा की हड़ताल में आना होगा पंडाल में,ओपीएस की जंग जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 फरवरी।** छतीसगढ़ में 2004 से नई पेंशन लागू की गई थी, सरकारी छल ही है कि देश, प्रदेश मे नई, पुरानी 2 पेंशन लागू थी, सर्वमान्य सत्य है कि नीति नियंताओ को पुरानी व कार्मिकों को नई पेंशन देना तय किया गया, समय के साथ कार्मिक खाली हाथ रिटायर होते गए, आंशिक पेंशन में रिटायर होते गए, ऐसे में नई पेंशन का विरोध शुरू हुआ, जो अब देश भर में जारी है।

इस बीच जागरूकता के कारण छत्तीसगढ़ में भी जोर शोर से पुरानी पेंशन की मांग जोर पकड़ चुका था, इसे संज्ञान में लेते हुए, राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाकर छत्तीसगढ़ ने राजस्थान के बाद छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन देने की घोषणा की, जिसका कार्मिकों ने जोरदार स्वागत किया, मुख्यमंत्री जी की यह क्रीम योजना जब जमीन में घाघ अफसरों ने उतारा तो



खासकर शिक्षको की हवाइयां उड़ गई।जो लड़ाके शिक्षक है वे याद करें कि जब जब चुनाव पूर्व का वर्ष होता है, हम लाभ लेने में सक्षम रहे है, छोटे छोटे विषय हल होते रहे मगर विधानसभा हमेशा हमारा मिशन रहा है, 2003 के चुनाव के पूर्व एक नया वेतनमान मिला, 2008 चुनाव के पूर्व 2007 में नया वेतनमान मिला, 2013 चुनाव के पूर्व शिक्षक समतुल्य वेतनमान मिला, 2018 चुनाव के पूर्व संविलियन मिला, इस वर्ष 2023 में चुनाव है, यह समय हमारे लिए संदेश है।शिक्षक जब जब एक रहे उक्त लड़ाई लड़कर जीतते रहे, 2018 के बाद वर्गवाद का बिखराव हुआ पर अब तक लगातार संघर्ष के बाद परिणाम शून्य ही है, छाती पीटने व तथ्यहीन बात से लाभ नही मिलता बल्कि तथ्य के साथ शासकीय व्यवस्था प्रभावित करने से मुद्दा निर्णायक बनता है। इस वर्ग को भी जो लाभ मिला वह साथ मे ही मिला, पूर्व सेवा गणना शिक्षक मोर्चा किसी वर्ग विशेष या रिटायर होने वाले के लिए ही नही है, बल्कि सभी वर्ग - संवर्ग का है और सेवा जिसने प्राप्त किया है, उसकी सेवा समाप्त भी होगी। अभी पुरानी पेंशन, पूर्ण पेंशन, वेतन निर्धारण विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, व्याख्याता को वन टाइम रिलेक्सेशन के विषय समाहित है।जून 2028 तक रिटायर होने वाले वर्तमान नियम से पुरानी पेंशन के विकल्प चयन के बाद भी पात्रता में नही आएंगे, उन्हें पेंशन नही मिलेगा, 2018 के बाद से 10 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षको को पुरानी पेंशन की पात्रता तो होगी, पर ज्यादा सेवा अवधि पूर्व का होने के कारण आंशिक न्यूनतम पेंशन ही बनेगा, अतः पेंशन की पात्रता होने के बाद भी पूर्ण पेंशन व पेंशन राशि वृद्धि के लिए संघर्ष अति आवश्यक है।

पुरानी पेंशन सेवा के बाद के लिए जीवन का आधार है, इसकी गंभीरता को एकता के वाहक मुख्य संघो ने समझते हुए और मिशन 2023 के अभियान में मिलकर रणनीति बनाया है, अभी आरम्भ है, पर हमारे पास समय है, पुरानी पेंशन के लिए शिक्षक वर्गभेद को मिटाकर ही बुढ़ापे को संवारा जा सकता है, इसके लिए संविलियन से भी ज्यादा समर्पित होने की आवश्यकता है।

## धूमधाम से मनाया शिवरात्रि पर्व

**महासमुंद, 20 फरवरी।** विधानसभा मिशन 2023 क्षेत्र के ग्राम बेलटुकरी में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर दरोगा साहू परिवार के द्वारा,ग्राम कौवाझर में ध्रुव परिवार के द्वारा,ग्राम अछोली के बीच पारा तालाब तट में ,शिवलिंग पुजा ,स्थापना, जलभिषेक, राम कथा, भजन, कीर्तन व भव्य भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुआ किसान नेता अशवन्त तुषार साहू कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे।भंडारा में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया किसान नेता अशवन्त तुषार साहू शामिल होकर जल अभिषेक पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि का कामना किया वहां उपस्थित सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा भगवान शिवशंकर के आशीर्वाद से सभी के घर सुख समृद्धि धन वैभव से भरा रहे ।

जलभिषेक



## भक्तिभाव से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व शिव मंदिर में हुआ जलभिषेक व रुद्राभिषेक

बीजापुर, 20 फरवरी शनिवार को मद्देड नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर हर–हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। शिवालयों में अल सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को जल, फूल, बेल पत्र, धतूरा, फल चढ़ाकर विधी– विधान से पूजा अर्चना कर कल्याण की कामना की। देखा गया कि गांव–गांव में महाशिवरात्रि पर्व के चलते शिवालयों में धार्मिक आयोजन हुए। लोगों द्वारा भजन, कीर्तन, महामृत्युंजय जाप, हवन, भंडारे के साथ भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मंदिरो में सुबह से शुरू हुआ धार्मिक आयोजन मद्देड मे 19 के सुबह करीब 5 बजे तक चला.महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर आयोजित रूद्राभिषेक के धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं में गजब महाकाल का उत्साह देखने को मिला।

# इस बार भी होली में ब्रांडेड गुलाल को टक्कर देगा हर्बल गुलाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,20 फरवरी।** इस बार होली को लेकर बिहान समूह से जुड़े महिलाओं के द्वारा हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। स्व सहायता समूह की स्वरोजगार से जुड़ी महिलाएं दिन-रात हर्बल गुलाल तैयार करने में लगी है। इस गुलाल को लगाने से जहां चेहरे पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। महिला स्वयं सहायता समूह के जरिए तैयार किए जा रहे इन हर्बल गुलाल और हर्बल रंग की कई विशेषताएं हैं। इसमें फूलों के रंग का इस्तेमाल किया जाता है। इतना ही नहीं गुलाल और रंग में महक के लिए भी फूलों का ही इस्तेमाल किया जाता है। इसमें किसी भी तरह का केमिकल नहीं मिलाया जाता है, जो नुकसान करें। यही वजह है कि इस गुलाल और रंग की डिमांड ज़िले सहित आसपास के ज़िलो में से भी आ रही है। वहीं, महिलाओं को घर बैठे स्वरोजगार भी



उपलब्ध हो रहा है महासमुंद ज़िले के ग्राम पंचायत डोगरपाली की जयमाता दी समूह की महिलायें भी हर्बल गुलाल बनाने में जुट रही हैं। समूह की सदस्य श्रीमती अम्बिका साहू ने बताया कि पिछले साल होली में 50 किलो हर्बल गुलाल महिलाओं ने बनाया। जिसकी काफ़ी माँग रही। उन्होंने कहा कि 10 रुपये, 20 और 50 रुपए के हर्बल गुलाल के पैकेट बनाए थे। इस बार हर्बल गुलाल ज़्यादा बनाए जाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पालक, लालभाजी, हल्दी. जड़ी, बुटी व फूलों से हर्बल गुलाल बनाने का कार्य कर रही। इसके अलावा मंदिरों फूलों के बाजार से निकलने वाली इस्तेमाल किए हुए फूल पत्तियों को सुखाकर प्रोसेसिंग यूनिट में पीसकर गुलाल तैयार किया जाता है। गुलाब, गेंदे, स्याही फूल के साथ चुकंदर, हल्दी, आम और अमरूद की हरी पत्तियां को भी प्रोसेस किया जाता है। महिलाओं ने बताया कि एक किलो हर्बल गुलाल बनाने में करीब 150 रुपये खर्च आ रहा है। गुलाल को बनाने में वे पालक, चुकंदर, सिंदूर आदि का उपयोग करती है। इस गुलाल के प्रयोग से किसी तरह का त्वचा को नुकसान नहीं होगा। इसलिए क्षेत्र के लोग भी इसमें रुचि दिखा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि लोगों को हर्बल गुलाल के फायदे को समझाएं ताकि लोग इन्हें अपनाएं। वैसे भी यह उत्पाद बाहर देश आदि से आने वाले गुलाल से सस्ते हैं। ऐसे में उन्हें भरोसा है कि यह लोगों को पसन्द आएगा। उन्होंने बताया कि समूह टेंट और कुर्सी आदि किराए पर देने का भी हाल ही व्यवसाय शुरू किया है।हर्बल गुलाल बनाकर महिलायें आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन का रास्ता प्रशस्त कर रहीं हैं। गांव की महिला सदस्यों का कहना है कि कोरोना काल में सभी के सामने आर्थिक संकट बढ़ा है। उनके परिवार की जीविका श्रम पर निर्भर है लेकिन प्रतिदिन काम नहीं मिल पा रहा है। जमीन कम होने के कारण कृषि से भी वे आमदनी नहीं कर सकते थे। लेकिन अब धीरे-धीरे हालत बदल रहे है ।ज़िला प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। गोठानो में भी विभिन्न आर्थिक गतिविधियाँ संचालित हो रही है। वही महासमुन्द विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मामाभाचा की विकास महिला स्व सहायता समूह द्वारा इस वर्ष की होली के लिए पालक, लालभाजी, हल्दी. फूलों से हर्बल गुलाल बना रही है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज देश के वीर सपूतः थिटे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद।** स्थानीय छत्रपति शिवाजी चौक में रविवार को पारंपरिक तरीके से छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में मराठा क्षत्रिय समाज लोग पहुंचे। महासमुंद जिला मराठा समाज ने छत्रपति शिवाजी महाराज के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। बता दें कि मराठा साम्राज्य के सबसे महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की 393वीं जयंती है। जयंती अवसर पर स्थानीय छत्रपति शिवाजी चौक में सुबह उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही जय शिवाजी, जय भवानी और हर-हर महादेव, भारत माता की जय के जयकारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। इस दौरान समाजजनों ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाई वितरण कर खुशी बांटीं। समाज के संरक्षक प्रलय थिटे और



जिलाध्यक्ष गोवर्धन इंगोले के दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक प्रलय थिटे ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को मराठा परिवार में हुआ था। उनके जन्मदिन के अवसर पर हर साल शिवाजी महाराज जयंती मनाई जाती है। वह देश के वीर सपूतों में से एक थे। सन 1674 में उन्होंने भारत में मराठा साम्राज्य की नींव रखी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम शिवाजी भोंसले था। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जिला सचिव राजेंद्र घाड़गे ने कहा कि भारतीय इतिहास में शिवा जी महाराज का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है वीर शिवाजी महाराज की गौरव गाथा देश-विदेशों में आज भी सुनाई जाती है। शिवाजी सभी धर्मों का समान रूप से सम्मान करते थे। उन्होंने कभी किसी धार्मिक स्थल पर हमला नहीं किया। उन्होंने अपनी हिंदू धार्मिक मान्यताओं से समझौता किए बिना सभी धर्मों को समायोजित किया। इस अवसर पर महिलाओं की उपस्थिति काफी संख्या में थी। महिला मंडल जिलाध्यक्ष अनिता पवार, सचिव रामेश्वरी घाड़गे, उपाध्यक्ष अनिता घाड़गे, मोनिषा गड़ाक, ज्योति पवार, रोहिणी घाड़गे, नेहा भोसले, प्रीती इंगोले एवं संरक्षक प्रलय थिटे, जिलाध्यक्ष गोवर्धन इंगोले, सचिव राजेंद्र घाड़गे, कोषाध्यक्ष भूषण भोसले, महावीर पवार, यशवंत घाड़गे, जसवंत पवार, किशोर भोसले, प्रकाश राव पवार, कुलेश्वर गड़ाक, देवेंद्र इंगोले, महेंद्र पवार, देवेंद्र काले, प्रदीप भोसले, अभिषेक इंगोले, रामकिशन भोयर, मुकेश भोसले, अनिकेत गड़ाक, आदित्य पवार सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## लालन पालन में माँ की भूमिका अहम :थिटे

श्री थिटे ने बताया कि माता जीजाबाई की संस्कारयुक्त शिक्षा बाल शिवा पर सकारात्मक प्रभाव डालने लगी थी। रामायण और महाभारत के ज्ञान के साथ पौरुष और नेतृत्व क्षमता दिखने लगी जब उनके पिताजी की दी हुई छोटी सी रियासत से हुई शुरुआत को उन्होंने एक मराठा साम्राज्य का गठन कर दिया। ये माता जीजाबाई की ही शिक्षाओं का असर था जो उन्होंने युद्ध में एक बार बंदी बना कर लाई गई महिलाओं को ससम्मान न सिर्फ वापस भेजा अपितु जिम्मेदार लोगों को दंडित भी किया गया। एक सभ्य समाज के नेतृत्व में जिन गुणों को हम आज परिलक्षित करना चाहते हैं।

# रविदास ने कहा था, मनुष्य अपने जन्म तथा व्यवसाय से महान नहीं होताः राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 20 फरवरी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर झलप के संत रविदास गुरुधाम समिति द्वारा सांस्कृतिक संध्या एवं मडाई मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग शमिल हुई।झलप में आयोजित मडाई मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन ने संत रविदास जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बहुत से विद्वानों का ऐसा मानना है की गुरु रविदासजी का जन्म 15 वीं शताब्दी में भारत के उत्तर प्रदेश के कांशी (बनारस) में हुआ था। हर साल उनका जन्मदिन पूरण मासी के दिन माघ के महीने में आता है। नपाध्यक्ष ने कहा रविदास जी सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध थे, वे हमेशा से ही जातिभेद, रंगभेद के खिलाफ लड़ रहे थे।

एक नजर

## पूर्ण पेंशन के लिए मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन



**पत्थलगांव,20 फरवरी।** पूर्व सेवा गणना शिक्षक मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना को लेकर आंदोलन के द्वितीय चरण में जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव, संतोष टांडे के नेतृत्व में दर्जनो शिक्षक विधायक निवास पहुंचे थे। मोर्चा के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में शिक्षाकर्मियों की नियमित नियुक्ति 1998 से शुरू हुई थी। अंशदायी पेंशन योजना में कटौती 2012 से शुरू हुई और संविलियन 2018 में हुई। 2004 में पुरानी पेंशन योजना बंद हुई जिसे छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 2022 से पुनः शुरू की गई है। अब राज्य शासन द्वारा ओ.पी.एस या एन.पी.एस में बने रहने के विकल्प पर शपथ पत्र भरवाया जा रहा है,लेकिन उसमें शिक्षक एल बी संवर्ग की पूर्व सेवा अवधि की गणना के सम्बन्ध में स्पष्ट निर्देश नहीं होने के कारण प्रदेश के डेढ़ लाख शिक्षकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। विधायक रामपुकार सिंह से आग्रह किया गया कि जनघोषणा पत्र में उल्लेखित क्रमोन्नत समयमान वेतन के लिए आदेश जारी करते हुए केंद्र सरकार की तर्ज पर पूर्ण पेंशन हेतु अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष किया जाए। साथ ही ओपीएस अथवा एनपीएस विकल्प पत्र भरने के लिए कम-से-कम 3 माह का समय दिया जाए। प्रतिनिधि मण्डल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए विधायक ने कहा कि आपकी माँग जायज है वास्तव में शिक्षक एलबी संवर्ग के साथ गलत हुआ है इस संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तक बात जरूर पहुँचाऊँगा। मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने सभी शिक्षक संवर्ग को कल जिला स्तरीय होने वाले महारैली व धरना में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की बात कही। इस दौरान यहा अर्जुन रत्नाकर,एल डी बंजारा, वेदानंद आर्य, विकासखंड संयोजक धनु यादव, विनोद साहू, संतोष चंद्रा नित्यानंद यादव, देवर कुमार चेरमाको, गिरधारी यादव,कुंदन गुप्ता, रंजीत सिंह, नरेंद्र पटेल, मदन मोहन जोशी, मुकेश यादव, राजेंद्र सिदार, मिलन यादव चंदना दास, दीपा यादव, रश्मि पटेल, सुमित्रा ठाकुर के अलावा अन्य शिक्षक उपस्थित हुये।

## अध्यक्ष नगर पालिका ने हितग्राहियों की बस को दिखाई हरी झंडी




**महासमुंद 20 फ़रवरी ।** छत्तीसगढ़ समाज कल्याण विभाग द्वारा आज सोमवार 20 फ़रवरी को वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था में होने वाली शारीरिक समस्याओं के निराकरण करने हेतु संभाग स्तरीय सहायक उपकरण मूल्यांकन एवं वितरण समारोह आयोजित किया गया है। यह समारोह राजधानी रायपुर के ग्राम टेमरी के रजवाड़ा रिसोर्स एवं रेस्टोरेंट में किया जा रहा है। अध्यक्ष नगरपालिका श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने कार्यक्रम में जाने वाले वरिष्ठ नागरिक हितग्राहियों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आने वाले बुजुर्गो को इस समारोह में जीवन सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। जिससे की उन्हें वृद्धावस्था के कारण होने वाली विभिन्न समस्याओं से राहत मिल सके। पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जीवन सहायक उपकरण प्रदान किये जायेंगे। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह ने बताया कि महासमुंद ज़िले के नगरीय और जनपद पंचायत क्षेत्र से 804 वृद्धजन (वरिष्ठ नागरिक ) हितग्राही जा रहे है। जिन्हें ज़रूरत के मुताबिक़ छड़ी, चश्मा, कृत्रिम दांत, व्हील चेयर आदि दिए जाएँगे। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वृद्धजनों को राहत प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाओ का संचालन किया जाता है।उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र से 61 और ज़िले की सभी जनपद पंचायत क्षेत्र से 743 हितग्राही है। हितग्राहियों ने अपनी जरूरत के मुताबिक़ जनपद पंचायत कार्यालय में नाम दर्ज कराकर समारोह में शामिल हो रहे है। उन्हें जरूरत की सामग्री निःशुल्क दी जाएगी। कार्यक्रम में भोजन की भी व्यवस्था है।

## पदयात्रा पर रोक की मांग

**रायपुर।** प्रदेश के गांव-मोहल्लों में संतों द्वारा पदयात्रा निकाल हिन्दू-राष्ट्र बनाने का संकल्प एवं संवैधानिक धर्मान्तरण पर विरोध जाताय जाएगा। पदयात्रा का समापन रायपुर में 19 मार्च को धर्मसभा के रूप में होगा। छग क्रिश्चिन फोरम ने इस यात्रा पर रोक लगाने की मांग की है।

फोरम अध्यक्ष अरूण पन्नालाल ने कहा ऐसे आयोजन का लक्षित उद्देश्य समाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ना होता है। कोण्डागांव और नारायणपुर हाल ही में ऐसी हिंसा झेल चुका है। छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रायोजित अशांति के नाजुक दौर से गुजर रहा है जो कभी भी विकराल रूप ले सकती है।

# शिवालय में भक्तों का उमड़ा सैलाब भोले के जयकारे गूंजते रहे दिन भर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 20 फरवरी।** सुकमा जिले में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ श्रद्धालुओं ने मनाया। भगवान शिव के दर्शन करने के लिए सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का कतार देखने को मिला। भक्तजन परिवार के साथ मंदिर पहुंचकर भगवान शिव जी का दर्शन कर परिवार की सुख शांति और समृद्धि की कामना की।

शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिले में श्रद्धालुओं ने बड़ा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में शिव भक्त पूजा अर्चना करने के लिए भक्त पहुंचने लगे जो देर शाम तक पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। वहीं मंदिरों में शिव पुराण सहित भजन कीर्तन शिव भक्त के द्वारा किया गया। सुकमा जिला मुख्यालय स्थित राजवाड़ा शिव मंदिर, बस स्टैंड स्थित काली मंदिर, शहर के महादेव डोंगरी



मंदिर में शिव भक्तों की भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा जिले के छिंदगढ़, केरलापाल, तोंगपाल, गादीरास, दोरनापाल, कोन्टा, पुसापल, सहित अन्य जगहों ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा अर्चना किया गया। वही मंदिरों में भक्तों के द्वारा शरबत, खिचड़ी, खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

### शबरी नदी के बीच स्थित शिवलिंग के दर्शन के लिए भक्तों का उमड़ा सैलाब

सुकमा जिला मुख्यालय से करीब 8 किमी दूर सभी नदी के बीचों-बीच स्थित शिवलिंग के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। सभी नदी के बीचो-बीच होने से भक्तों श्रद्धालुओं में यहां के प्रति अटूट आस्था है। जिसके कारण से प्रतिवर्ष यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर दर्शन करते हैं। शबरी नदी के बीच में होने कि कारण यह स्थल और भी प्राकृतिक रूप सुंदर नजारों से अपनी और आकर्षित करता है, वही स्थानीय लोगों की माने तो नदी के बीच मे होने के बाद भी यह शिवलिंग बाढ़ के पानी में कभी नहीं डूबता है। वही शिवलिंग के दर्शन करने के लिए शबरी नदी के सात धाराओं को पार कर शिवलिंग के दर्शन करते है। यह पहुचने के लिए मंदिर समिति एवं स्थानीय लोगों के द्वारा लकड़ी के अस्थाई पुल का निर्माण किया जाता है। जिससे भक्तजन आसानी से शिवलिंग का दर्शन कर सकें। हर साल इसी प्रकार से लकड़ी पुल का निर्माण किया जाता है।

राजेश नारा ने बताया कि तेलवर्ती में शबरी नदी के बीच में स्थापित शिवलिंग के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में आसपास सहित पड़ोसी राज्य से भी श्रद्धालु गण पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि यह शबरी नदी के बीच में होने के बाद भी कभी नहीं डूबता है। जिसके कारण यहां श्रद्धालुओं का अटूट आस्था बना हुआ है। नदी के बीचों-बीच होने के कारण प्राकृतिक रूप से सुंदर एवं मनोरम दृश्य देखने को मिलता है, जो अपने आप में एक अद्भुत नजारा होता है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन यहां दर्शन करने से मन वांछित मनोकामनाएं पूरी होती है।

## प्रवेश के लिए आनलाईन आवेदन 6 मार्च से

**सुकमा 20 फरवरी ।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) अंतर्गत सभी निजी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षा में 25 प्रतिशत सीट बीपीएल परिवारों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति दिव्यांग, अनाथ, एचआईवी पॉजीटिव तथा तृतीय लिंग के लिए आरक्षित रखा गया है। इसके तहत जिले में संचालित 17 निजी शालाओं में सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रथम चरण 06 मार्च से 10 अप्रैल 2023 तक तथा द्वितीय चरण 01 जुलाई से 15 जुलाई 2023 तक होगा। प्रवेश हेतु इच्छुक बच्चों के माता-पिता व अभिभावक 06 मार्च 2023 से ऑनलाईनआवेदन

में कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्था प्रमुख जिला शिक्षा कार्यालय सुकमा से संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जिला सुकमा में अधिनियम के प्रावधान अनुसार छात्र छात्राऐं निजी शालाओं में अध्ययनरत हैं। जिनकी शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा की जाती है। निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत् प्रवेश संबंधी जानकारी या मार्गदर्शन हेतु निजी शालाओं के प्राचार्यों व सहायक नोडल अधिकारियों से संपर्क कर प्राप्त किया ।

स्वागत



**शीला ठाकुर की अगुवाई में गर्मजोशी के साथ प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का स्वागत**

**राजिम,20 फरवरी।** प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शीला ठाकुर के अगुवाई में राजिम मांगी पुन्री मेला में पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम के स्वागत में सकैडो कार्यकर्ताओं के साथ बजा गाजा के साथ पूरे गर्म जोशी के साथ स्वगत किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शीला ठाकुर, जिला कांग्रेश कमिटी अध्यक्ष भावसिंग साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालमुकंद मिश्रा, जनपद पंचायत सदस्य, जिला कांग्रेश कमिटी के सदस्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# किराना व्यवसायी को लूटने के आरोप में 4 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 20 फरवरी।** किराना व्यवसायी से चलती स्कूटी मे लगभग पांच लाख रूपयो से भरा बैग लेकर फरार होने वाले एक अपचारी बालक के साथ तीन आरोपियों को पुलिस ने पकडने मे बडी सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कामयाबी से खुश होकर अग्रवाल सभा पत्थलगांव की ओर से शहर पुलिस को पांच हजार रूपये नगद पुरस्कार दिया है। थाना मे आज प्रेस कांफ्रेस कर लूट की घटना का पर्दाफाश किया गया,इस दौरान एस.डी.ओ.पी पुलिस हरीश पाटिल,थाना प्रभारी भास्कर शर्मा एवं अन्य स्टॉफमौजुद थे। एस.डी.ओ.पी हरीश पाटिल ने बताया कि 10 फरवरी की रात जशपुर रोड छत्तीसगढ किराना स्टोर्स के संचालक रात को लगभग 9 बजे दिनभर बेचे गये सामान से एकत्रित रूपये एक बैग मे भरकर घर जाने के लिए निकले थे,इस दौरान पहले से रैकी कर रहे दो लोगो द्वारा राहुल अग्रवाल से रूपयो भरा बैग लेकर गाला जंगल की ओर फरार हो गये थे,उन्होने बताया कि इस घटना की



पुलिस को सूचना मिलते ही पतासाजी मे जुट गयी थी। पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग,जिला पुलिस अधीक्षक डी.रविशंकर के निर्देश के बाद सी.सी.टी.वी फुटेज से आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी,इस दौरान कैमरे की मदद से काली रंग की पल्सर में काली जैकेट पहने हुये दो व्यक्तियो की पतासाजी की गयी। मुखबिरो से सूचना मिली की भानु यादव निवासी गाला पूर्व मे डकैती एवं जालीनोट जैसे गंभीर प्रकरण मे जेल जा चुका है,संदेह के आधार पर भानु यादव को अभिरक्षा मे लिया गया,पूछताछ करने पर उसके द्वारा 2 लाख 90 हजार रूपये की लूट अपने तीन अन्य साथियों के साथ करने की बात कबूल की।।

**जंगलों में छिपे थे आरोपी**-लूट की घटना के आरोपी भानु यादव निवासी गाला,कलेश्वर यादव निवासी महेशपुर,पुनेश्वर खुटियां निवासी कदमढोढी एवं एक अन्य अपचारी बालक के साथ 10 फरवरी की रात रैकी करते हुये व्यापारी राहुल अग्रवाल से रूपयो भरा थैला छिनकर पालीडिह गाला के जंगलो मे जाकर छुप गये थे,जहा चारो आरोपियों ने कुल 2 लाख 90 हजार रूपये की रकम मे से 65-65 हजार रूपये बटवारा किया था,वही 20 हजार रूपये भानु एवं 10 हजार रूपये कलेश्वर यादव ने अलग से हिस्सा लिया था। पुलिस के अनुसार आरोपियों से 1 लाख 73 हजार रूपये की जप्ती बनायी है।।

**लूट के रूपयों से खरीदी नयी मोटरसायकल**-:लूट के रूपये हाथ आते ही आरोपियों ने अययाशी शुरू कर दी थी,जहा आरोपियों ने लूट की आधी रकम इधर-उधर खर्च कर डाली,वही आरोपियों ने एक स्प्लेंडर मोटरसायकल भी लूट के रूपयो से खरीदी की थी,जिसकी पुलिस ने जप्ती बना ली है। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि आरोपियों मे से भानु यादव पिता तिखो यादव उम्र 33 वर्ष निवासी गाला एवं कलेश्वर यादव पिता सुदर्शन यादव उम्र 31 वर्ष निवासी महेशपुर थाना पत्थलगांव द्वारा पूर्व मे पाकरगांव के व्यापारी से दो लाख रूपये की लूट करने की घटना को भी कबूल किया है। दोनो ही प्रकरण को सुलझाने मे एस.डी.ओ.पी पुलिस हरीश पाटिल,थाना प्रभारी भास्कर शर्मा,संतोष तिवारी,प्रेम प्रकाश कुर्रे,तुलसी रात्रे,अजय खेस्स एवं अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शिक्षक मोर्चा ने धरना, प्रदर्शन के बाद रैली निकाल मुख्यमंत्री ज्ञापन सौंपा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद,20 फरवरी। जिला मुख्यालय में पूर्व सेवा गणना शिक्षक मोर्चा द्वारा धरना , प्रदर्शन के पश्चात रैली निकाल कर ज्ञापन मुख्यमंत्री, के नाम जिलाधीश के माध्यम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा । इस अवसर पर देवभोग, मैनपुर, गरियाबन्द, छुरा एवं फिंगेश्वर विकासखण्ड के सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित थे।इससे पूर्व प्रांतीय निकाय के आह्वान पर एक दिवसीय धरना, प्रदर्शन एवं रैली में शामिल होने जिले के शिक्षक साथियों ने सामूहिक अवकाश लेकर गांधी मैदान के धरना स्थल पर उपस्थिति दी। इस अवसर पर जिला संयोजक परमेश्वर निर्मलकर, प्रदीप पाण्डेय, संजय महाडिक, यशवंत बघेल,गिरीश शर्मा, जितेंद्र साहू, हुलस साहू, गोविंद पटेल ने अपना विचार रखा। धरना प्रदर्शन में जिला संचलक गन परमेश्वर निर्मलकर, संजय महाडिक, प्रदीप पांडेय, प्रांतीय सह संचालक यशवंत बघेल, गिरीश शर्माँ। धरना एवं प्रदर्शन के पश्चात मोर्चा के बैनर तले रैली निकालकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में पूर्व सेवा (शिक्षाकर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति तिथि) के आधार पर पुरानी पेंशन हेतु कुल सेवा की गणना की जावे, पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा को केंद्र सरकार की तरह 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष किया जावे, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर किया जावे, पूर्व सेवा अवधि प्रथम नियुक्ति तिथि के आधार पर जनघोषणा पत्र के अनुसार क्रमोन्नत वेतन प्रदान किया जावे, अपरिवर्तनीय विकल्प चयन की अव्यवहारिक समय सीमा में 3 माह की वृद्धि किया जावे आदि मांग शामिल है।

## शासन की योजनाओं से किसानों को आर्थिक रूप से किया जा रहा सशक्त:कवासी लखमा

**रायगढ़, 20 फरवरी।** रायगढ़ जिले के विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम-चंद्रशेखरपुर (एडू) में 5 वें ठाकुरदेव महोत्सव (मेला) व सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। वाणिज्यिक कर (आबकारी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आबकारी मंत्री श्री लखमा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर उन्होंने विवाह मंडप में नव-विवाहित जोड़ों को शुभाशीष प्रदान किया। राठिया समाज एवं महिला बाल विकास द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 129 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इसके पश्चात आबकारी मंत्री श्री लखमा ने ठाकुर देव स्थल पर पूजा-अर्चना कर समाज की खुशहाली की कामना की। मुख्य अतिथि श्री लखमा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल आदिवासी समाज के मांगों को प्राथमिकता से पूर्ण करने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का वनोपज आय का मुख्य साधन होता है, यही कारण है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 4 हज़ार किया गया, इसी प्रकार धान का कटोरा छत्तीसगढ़ में जहां बड़ी संख्या में किसान निवासरत है, उनके हित में सबसे पहले कर्जमाफी किया गया और धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया गया। जिससे किसान समृद्ध हो सके। आज छत्तीसगढ़ एकमात्र राज्य है जहां धान के एक क्विंटल की कीमत अन्य राज्यों की अपेक्षा सबसे अधिक है। इसके अलावा शासन द्वारा कोदो-कुटकी और रागी का समर्थन मूल्य भी तय किया गया है। आज राज्य में समर्थन मूल्य के साथ आदान सहायता बोनस से इस वर्ष एक क्विंटल के लिए 2640 रुपए मिले। इसी प्रकार कोदो-कुटकी का 3 हजार तथा रागी का 3 हजार 300 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया है।



# हजारों की संख्या में आदिवासी विभिन्न वाहनों से गरियाबंद कलेक्ट्रेट घेराव करने पहुंचे





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,20 फरवरी।** जिले के शोभा गौना गौरगांव अमाड़ जांगड़ा क्षेत्र के हजारों किसान ट्रैक्टर व विभिन्न वाहनों में गरियाबंद पहुंच रैली धरना प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करने निकले हैं जिनमें उनकी प्रमुख मांगे हैं।पांचवी अनुसूची पेशा कानून ग्रामसभा कानून को संपूर्ण रूप से अमल किया जावे। जल, जंगल, जमीन, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक, संवैधानिक अधिकारों को अमल में लाई जावे।पायलीखंड, बेहराडीह हीरा खदान पांचवी अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इसमे स्थानीय आदिवासी मूल निवासी का संपूर्ण अधिकार है। इसलिए अर्जेंट हेयरिंग याचिका को खारिज किया जावे।लंबित व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों को त्वरित निराकरण किया जाये। इसके अलावा वन अधिकार पत्र जिस किसान के नाम से है नक्शा खसरा अलग किसान के नाम से निकलता है इसको तुरंत सुधारा जाये।उदंती सीतानदी अभयारण्य क्षेत्र के कोर इलाकों में तेंदूपत्ता एवं अन्य वनोपज संग्रहण कार्य का अधिकार दिया जावे।तेंदूपत्ता तोड़ाई प्रति सैकड़ा ?500 किया जाये साथ ही वनोपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाई जावे।उदंती सीतानदी राजापड़ाव क्षेत्रों सहित तमाम आदिवासी क्षेत्रों में विद्युतीकरण किया जावे।किसानों को 12 महीने कमाने वाली फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दिया जावे और व्यापारी किसानों की फसलों को प्रशासन न्यूनतम समर्थन मूल्य में खरीदी करें साथ ही किसानों के ऊपर से सरकारी साहूकारों के तमाम कर्जे को माफ किया जावे । सैद्धांतिक जन आंदोलन के ऊपर पुलिस दमन एवं आदिवासी क्षेत्रों में सीआरपीएफ, बीएसएफ पुलिस कैंपों को हटाई जावे। साथ ही भोले-भाले ग्रामीणों के ऊपर झूठे माओवादी केस लगाकर डराना धमकी देना बंद किया जायेसामुदायिक वन संसाधन अधिकार अविलम्ब ग्रामसभा को दिया जाये। अतः महामहिम राष्ट्रपति महोदय से निवेदन है, कि हमारी संवैधानिक हक अधिकार है।

समाचार संक्षेप

## परिया के ग्रामीणों की समस्याओं से जिपं सदस्य रामा सोड़ी हुए वाकिफ



**सुकमा,20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के गादीरास क्षेत्र के मनकापाल के आश्रित ग्राम परिया पहुंचकर जिला पंचायत सदस्य रामा सोड़ी गांव की समस्या से रूबरू हुए।रविवार को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला सचिव क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य रामा सोडी ने परिया के ग्रामीणों से मुलाकात की। रामा सोड़ी से गांव की समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई माह से हेंड पम्प और सोलर पम्प खराब है जिससे ग्रामीणों को पानी की परेशानी हो रही है और स्कूल में शिक्षक भी पढ़ाने नहीं आता है ग्रामीणों ने दूसरे शिक्षक की नियुक्ति करने की मांग की मितानिन के पास दवा भी नहीं है, गांव में 61घर हैं, और बिजली कनेक्शन सिर्फ तीन घर में ही दिया गया है। ग्रामीणों को जिला पंचायत सदस्य रामा सोडी ने आश्वस्त किया कि वे कल इन सारी बातों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचायेंगे और जल्द निराकरण किया जायेगा। इसके साथ ही रामा सोडी ने 4 मार्च को मानकापाल में आदिवासी महासभा द्वारा आयोजित भूमकाल दिवस की जानकारी दी और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की इस मुलाकात के दौरान अखिल भारतीय नौजवान सभा जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कश्यप,मानकापाल सरपंच पुष्पा सोडी, कोर्रा सरपंच भीमा कुंजाम उपस्थित थे।

**गांव में समस्याओं का अंबार ग्रामीण परेशान**-इधर ग्रामीणों की समस्या सालों से जस की तस बनी हुई है इसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान है वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि के पहुंचने से ग्रामीणों ने अपने गांव की समस्या को तत्काल अवगत कराया वहीं इन समस्याओं को लेकर सालों से ग्रामीण जूझ रहे हैं उसके बाद भी अब तक कोई निराकरण नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है वहीं जिला पंचायत सदस्य के सामने जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग की गई है वहीं जिला पंचायत सदस्य रामा सोड़ी निराकरण करने का आश्वासन दिया।

## वार्डो के नाली के सफाई ठीक से नहीं हो रही

**सुकमा,20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कमा नगर पालिका वार्ड क्रमांक 9 बीजेपी के पार्षद दीपक नेताम ने सुकमा नगर पालिका के उपर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार सुकमा नगर पालिका में आई है तब से लेकर आज तक किसी भी वार्ड में ठीक तरीके से नाली सफाई नहीं किया जा रहा है, जगह जगह सड़क किनारे कचरे का ढेर पड़ा हुआ है नगर पालिका सफाई को लेकर पूरी तरीके से फेल हो चुकी है वार्ड क्रमांक 01 से लेकर पूरे के पूरे 15 वार्ड में नाली ठीक तरीके से सफाई नहीं किया जा रहा है हर वार्ड में नाली पूरी पानी और कचरे से भरा हुआ है मगर नगर पालिका से कोई भी उसका सफाई कर्मचारी वार्ड में जाकर ठीक तरीके से सफाई नहीं करते हैं, नगर पालिका के सफाई कर्मचारी को एक बार बताने के बावजूद भी सफाई करने वार्ड में नहीं आते है ,जिस कारण वार्ड कमांक 9 बीजेपी पार्षद के दीपक नेताम ने अपने वार्ड में नाली की सफाई स्वयं के द्वारा किया गया।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की मांगें जल्द माने सरकार:लक्ष्मी

**तिल्दा नेवरा,20 फरवरी।** इन दिनों छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा अपनी 6 सूत्रीय मांगों के लेकर पिछले 25 दिनों से अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य पूरी तरह से ठप्प पड़ा हुआ है। जिसके कारण रेडी रेडी टू ईट, पोषण आहार तथा गर्भवती माताओं की देखभाल संबंधित सारी व्यवस्थाएं चरमराई हुई है। पूर्व विधायक बलोदा बाजार श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार से मांग किए हैं की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाय। क्योंकि विधानसभा चुनाव 2018 में जन घोषणा पत्र में कांग्रेस द्वारा सरकार बनने पर 10 दिनो में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए कलेक्टर दर पर मानदेय देने का तथा शासकीय कर्मचारी घोषित करने का वादा किया गया था। साथ ही साथ और भी बहुत सारे लोकलुभावन वादे किए गए थे जो कि आज 4 साल पूरा हो जाने के बाद भी अधूरा है।



## एक नजर

### सब्जी-भाजी व्यवसाय से हो रही महिला समूह की आर्थिक स्थिति सुदृढ़



**डोंगरगढ़, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत के तहत आने वाले ग्राम पंचायत सहसपुर में महिला समूह के जज्बे को काफी सराहना मिल रही है महिला समूह बहनों की सब्जी भाजी के व्यवसाय से आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। यहां की पदम जय मां भवानी महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने स्थानीय बाड़ी में सब्जी भाजी उगाकर और उसे आसपास के बाजारों में बेचकर अभी तक लगभग 2 से 3 लाख आमदनी प्राप्त कर जिला में नई पहचान बनाई है समूह की अध्यक्षता टोमिन निषाद व सदस्य रामेश्वरी साहू ने बताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में बिहान के तहत ग्राम सहसपुर की महिला सहायता समूह विगत कई महीनों से स्थानीय बाड़ी में सब्जी भाजी उगाकर व उसे ग्राम सहित मोहारा, बेलगांव, चेतूखपरी सुकुलदेहान, ढारा जैसे बड़े ग्राम पंचायतों में लगने वाले बाजारों में बेचकर लाखों रुपए की आमदनी हुई हैं समूह की बहनों ने यहा सब्जी भाजी का व्यवसाय कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत किए हुए हैं जिला प्रशासन का ऐसा ही सहयोग मिलता रहा तो आगे भी समूह बहने रोजगार के प्रति आगे आकर कार्य करेगी। सदस्यों ने बताया कि बहनों को सब्जी भाजी व्यवसाय के लिए बाड़ी तो मिल गई है लेकिन यहां पानी की समस्या हमेशा बनी रहती है बाड़ी के आसपास एक ही बोरवेल से है जिससे आसपास के लोगों को भी पानी उपलब्ध होता है जिस वजह से बाडी में पानी की पूर्ति नहीं हो पाती। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि बाड़ी में शासन द्वारा बोरवेल्स खनन कराया जाए तो महिला बहनों को रोजगार के प्रति बड़ी सुविधा मिल सकेगी।

### शराब का अवैध परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मामले में संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 18 फरवरी को मुखबिर सूचना पर हमराह स्टाफएवं गवाह के आरोपी बंटी उर्फराहुल के घर सामने भालूकोना रोड लवन मे रेड कारवाई करने पर आरोपी बंटी उर्फराहुल जयसवाल को अपने मोटरसाइकिल पलसर नंबर ष्ट्र 22 स्-2326 में सामने एक नीला रंग थैला रखकर जा रहा था जिसे रोककर चेक करने पर झोला अंदर 50 पाव जम्मू स्पेशल व्हिस्की अंग्रेजी शराब जुमला 9 लीटर कीमती 6000/- मिला जिस के संबंध में नोटिस देकर दस्तावेज मांगने पर दस्तावेज पेश नहीं करने पर मौके पर उक्त शराब एवं मोटरसाइकिल कीमती 40000 को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आज दिनांक 13/02/23 को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है. अपराध क्रमांक 121/23 धारा 34(2) आपकारी एक्ट आरोपी का नाम बंटी उर्फ राहुल जायसवाल पिता संतोष जायसवाल उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 8 लवन चौकी लवन थाना कसडोल। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक जसवंत सिंह ठाकुर आरक्षक राकेश पाटले, मुकेश रात्रे, शिवा चतुर्वेदी महिला आरक्षक सोनम भट्ट का विशेष योगदान रहा।

## आवास ना होने की ऐसी है सजा कि पत्नी बच्चों से रहना पड़ रहा दूर

# 3 साल से लकड़ी से बनी झोपड़ी में रहने के लिए मजबूर है अधेड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**देवभोग, 20 फरवरी।** आवास ना होना किसी व्यक्ति के लिए कितनी परेशानी का सबब बन सकता है। इसका ताज़ा उदाहरण खुटगॉव पंचायत के आश्रित ग्राम टिकरापारा में देखने को मिल रहा है। टिकरापारा के रहने वाले श्रीहरि यादव आवास नहीं होने से पत्नी और बच्चे से दूर रहने को मजबूर है। दरअसल तीन साल पहले श्रीहरि का कच्चा मकान ढह गया। एक साल तक भाई के घर में आसरा लेकर रहने के बाद श्रीहरि ने अपने दामाद के सहयोग से एक लकड़ी का झोपड़ी तैयार किया। उसी में पिछले तीन साल से श्रीहरि रहने को मजबूर है। श्रीहरि बताता है कि आवास नहीं होने से पत्नी और बच्चे दोनों उससे दूर हो गए है। दोनों मजबूरीवश ओड़िसा के संधिकोलयारी में श्रीहरि के ससुराल में रहने को मजबूर है। श्रीहरि के मुताबिक पत्नी कभी कभार गॉव में आती है। सुबह से शाम तक रहती है और सूरज ढलने के पहले उसके माता पिता के घर निकल जाती है। श्रीहरि रुँधे गले से कहता है कि आज यदि मेरा भी आवास होता तो मेरे पत्नी और बच्चे मेरे साथ होते।

**ठंड, बरसात में रातें काटनी है मुश्किल:** श्रीहरि यादव बताता है कि गर्मी के दिनों में रात कट जाती है। वहीं बरसात और ठंड की रात बहुत ज्यादा पीड़ादायक होती है। बरसात में झिल्ली लगाने के बाद भी तेज बारिश होने पर झिल्ली भी काम नहीं आता। और कभी कभार बारिश में भीगना भी पड़ता है। वहीं ठंड के मौसम में ठंडी हवाओं से जीना मुश्किल हो जाता है। किसी तरह अलाव और कंबल के सहारे ही रात गुजरता है।

**परिवार से दूर रहना ही सबसे बड़ी सजा :** अपनी व्यथा बताते हुए श्रीहरि रो पड़ता है। वह कहता है कि कौन नहीं चाहता परिवार के साथ रहना। लेकिन आज आवास नहीं होने से मजबूरीवश उसके पत्नी और बच्चों को ओड़िसा में उसके ससुराल में आसरा लेकर रहना पड़ रहा है। श्रीहरि कहता है कि परिवार से दूर रहने की चिंता उसे बहुत परेशान कर रहा है। वह सीएम भूपेश बघेल से भी गुहार लगा रहा है कि मुझे आवास देकर मेरा परिवार दे दो, सीएम साहब। श्रीहरि यह भी कहता है कि तत्कालीन सरपंचों और अभी की सरपंच ने भी पंचायत की और से उन्हें कुछ आर्थिक मदद देकर सहायता दिया था।

वहीं जनपद सीईओ प्रतीक प्रधान ने कहा कि अगर हितग्राही के पास रहने के लिए आवास नहीं है। और यदि उसका नाम आवास की सूची में शामिल है, तो जरूरतमंद हितग्राही को प्राथमिकता के आधार पर आवास देने के लिए उच्च कार्यालय को पत्र लिखूंगा।

# महाशिवरात्रि पर विधायक व कार्यकर्ताओं ने जलाए 5100 दीप





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 20 फरवरी।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर पर्व क्षेत्रीय विधायक व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो दीप से दीप जलाओ कार्यक्रम के तहत शनिवार शाम को स्थानीय महावीर तलाब परिसर में विधायक बघेल सहित कार्यकर्ताओं ने 5100 दीप प्रज्वलित किए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम जिला पंचायत सदस्य हर्षिता स्वामी बघेल प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे वरिष्ठ नेता अनिल मेश्राम, प्रदेश सचिव नलीनी मेश्राम डोगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष संजीव गोमस्ता ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण देउडकर ग्रामीण अध्यक्ष लता साहू, सेवादल जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटिया वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोकुल वर्मा फिरंगी पटेल इंद्रपाल सिंह राजा पार्षद कृष्णा लीलहारे दीपाली हरीश भंडारी रूपचंद खोबरागडे रिमी भाटिया गणेश साहू वीरेंद्र पाल ममता शिंदे ललिता साखरे एवं अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### मंड़ई-मेला



**तिल्दा नेवरा के ग्राम सिर्वे में मड़ई मेला तथा रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का रखा गया। जिसमें हमारे जनप्रतिनिधियों से विकास लिए गुहार लगाई जिसमे पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, रायपुर जिला उपाध्यक्ष राम वर्मा जनपद सदस्य संतोषी मनहरण वर्मा उपस्थित हुए।**

### उठाईगिरी की घटना को अंजाम देने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मामला इस प्रकार है कि 4 फरवरी को प्रार्थी इतवारी राम ध्रुव निवासी ग्राम अमेरा, थाना पलारी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 फरवरी को करीबन 15:15 बजे अपनी बाइक के डिक्की में भारतीय स्टेट बैंक शाखा बलौदाबाजार में चेक के माध्यम से एक लाख रुपए निकालकर अपने मो0सा0 के डिक्की में ताला लगाकर सर्किट हाउस गया। मोटर सायकल खड़ी कर अंदर गया वापस आने पर मोटर सायकल की डिक्की से कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा डिक्की में रखे एक लाख रू0 को ताला तोड़कर चोरी कर ले गया। विवेचना के दौरान घटना की प्रकृति एव सीसीटीवी फुटेज के आधार पर प्रदेश के कई जिलो में पहचान कराई जा रही थी। इसी दरम्यान जानकारी मिली कि बैंक मे मिले संदेही का फोटो दुबराज नट का है। इस आधार पर निवास स्थान में पुलिस की टीम दबिश देने पर फरार होना पाया गया। पतासाजी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे, स्ष्ठक्क सुभाष दास के निर्देशन में सायबर सेल प्रभारी रोशन राजपूत के नेतृत्व में एक टीम जिला पन्ना (मध्यप्रदेश) रवाना किया गया। वहां घेराबंदी कर आरोपी को पकडा गया। आरोपी का मिलान बैंक एवं सिटी सर्विलांस सिस्टम में मिले ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज से करायी गयी जो हुबहु मिलान हुआ तथा वारदात में प्रयुक्त मोटर सायकल साइन बिना नंबर के एवं ताला तोडने का लोहे का औजार एवं चोरी का रकम 15, 800 जप्त किया गया, शेष रकम को खर्च कर दिया था।

## समाचार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के सम्मेलन में शामिल हुए सीएम बघेल



- अर्जुनी में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने सहित कुर्मी समाज के भवन हेतु 50 लाख रुपये देने की घोषणा
- मुख्यमंत्री ने दी जिले को बड़ी सौगात, श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में आयोजित अर्जुनी राज कुर्मी क्षत्रिय समाज के 77 वां राज अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने समाज के पूर्वजों को श्रद्धासुमन अर्पित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए ग्राम अर्जुनी में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने सहित कुर्मी समाज के भवन हेतु 50 लाख रुपये, श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा की है. इसके साथ ही जागड़ा हाईस्कूल का नामकरण चोवा राम बघेल पर, ग्राम नवापारा में सर्वसमाज के सामुदायिक भवन हेतु 20 लाख रुपये देने एवं चंदखुरी में माता कौशल्या महोत्सव मनाने की महत्वपूर्ण घोषणा की है. इसके साथ ही बघेल ने कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ संस्कृति को सरंक्षित करने का प्रयास बड़े स्तर में कर रही है। पहले छत्तीसगढ़ संस्कृति को पर्याप्त सम्मान नही मिल पाता था। रामवनगन परिपथ के अंतर्गत राज्य के 9 स्थलों को हम विकसित पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित कर रहे है। जिसके तहत चंदखुरी, शिवरीनारायण, राजिम में 51 फिट ऊंची श्रीराम की मूर्तियों की स्थापना सहित अन्य कार्य बड़े स्तर में की जा रही है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का किया गया आत्मीय स्वागत



**बलौदाबाजार, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज के 77 वां सम्मेलन में ग्राम अर्जुनी पहुँचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्थानीय हैलीपैड पहुँचने पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। हैलीपेड में कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेद, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, कलेक्टर रजत बंसल, पुलिस अधीक्षक दीपक झा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता, सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आत्मीय स्वागत किया।

# 60 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी।** जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा अवैध शराब पर रोकथाम करने के कड़े निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है जिसके परिपालन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्रमांक 104//2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी अजय मनहरे को गिरफ्तार किया गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मुखबीर सूचना के आधार पर 18 फरवरी को आरोपी अजय मनहरे पिता सोने मनहरे उम्र 21 साल साकिन जुनवानी थाना गिधपुरी जिला बलौदाबाजार के द्वारा अवैध रूप से 60 लीटर हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 15000 रूपयेइ एवं मोटर सायकल क्रमांक होण्डा साईन क्र. ष्ट्र 04 र्हं 1643 से बीक्री हेतु रखने हेतु रखा था जिसे रेड कार्यवाही कर आरोपी के पास मिले शराब के संबंध में वैध दस्तावेज का मांग करने पर नहीं होना लिखित में दिया गया आरोपी से उक्त शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया।

आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड पेश किया गया है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.ई.पंजी./202302082200047/ अ-6/वर्ष 2022-23

**//ईश्तहार//**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक नाबालिग आर्यन गुप्ता पिता चन्द्रहास गुप्ता द्वारा पालक मां श्रीमती विनिता गुप्ता साकिन कवर्धा, जिला-कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-10डी भू-खण्ड क्रं.-42 क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर भू-खण्ड जो नजूल अभिलेख में जानकी देवी पति संतोष गुप्ता सा. कवर्धा के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड को आवेदक द्वारा पंजीकृत बयनामा दिनांक 25.01.2023 द्वारा क्रय किये जाने से अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 15/3/23 को नियत की गई है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 15/3/23 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 15/2/23 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक:- 15/2/2023**
**पेशी दिनांक:- 15/3/2023**

मुहर

**नजूल अधिकारी कबीरधाम**


## श्रमिक संगवारी सम्मेलन में शामिल हुए छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष शफी अहमद

# जनता को दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 20 फरवरी।** बलौदाबाजार भाटापारा जिले का श्रमिक संगवारी सम्मेलन भाटापारा के नगर भवन मे श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष शफी अहमद के मुख्य आतिथ्य व श्रम मंडल सदस्य आलोक मिश्रा की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ इस कार्यक्रम मे श्रम मंडल, सदस्य मनोज ठाकुर सुरेश मसीह भवन निर्माण सन्निकार मंडल के सती श अग्रवाल भी शामिल हुए शफी अहमदजी के नगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

छत्तीसगढ़ महतारी व भगवान विश्वकर्मा पूजा कर श्रमिक सम्मेलन की शुरुआत की गई सम्मेलन मे श्रम मंडल अध्यक्ष सफी अहमद ने सरकार द्वारा श्रमिकों के हितो मे चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी उपस्थित श्रमिकों दी उन्होंने कहा पिछली सरकार ने जितने श्रमिकों पंजीयन 15 साल मे किये उसके डबल हम लोगों ने चार सालो मे किया है उन्होंने बताया कि श्रमिकों के लिये शहीद वीर नरायण सिंह श्रम अन्न योजना श्रमिकों के बच्चों हेतु शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना दुर्घटना मृत्यु सहायता योजना श्रम कल्याण केन्द्र द्वारा गरीब परिवार की महिलाओं को निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण योजना मुख्यमंत्री कौशल विकास एंव परिवार सशक्तिकरण योजना मेघावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और उन्होंने बताया इस सरकार द्वारा अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल रहा है श्रम मंडल के सदस्य आलोक मिश्रा ने बताया की श्रम मंडल के अध्यक्ष के मार्गदर्शन मे पूरे प्रदेश मे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिल रहा है इसी उद्देश्य से अध्यक्ष जी पूरे प्रदेश का दौरा कर श्रमिकों की योजनाओं की जानकारी दे रहे और उसका लाभ श्रमिकों को मिले ये निर्देश कर्मचारियों को दे रहे है कार्यक्रम को श्रम मंडल सदस्य मनोज ठाकुर सुरेश मसीह भवन निर्माण सन्निकार मंडल के सतीश अग्रवाल पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा ने भी संबोधित किया उसके बाद अध्यक्ष ने श्रमिक महिलाओं को नोनी सशक्तिकरण का चेक वितरण




कियागया अध्यक्ष व श्रममंडल सदस्यों ने श्रमिकों के साथ बोरे बासी बैठ कर खाया और इसे छत्तीसगढ़ सरकार की एक अलग पहचान देने वाला कदम बताया जो श्रमिकों के प्रति लगाव दर्शाता है उसके बाद अध्यक्ष ने श्रम कल्याण मंडल द्वारा कल्याण सागर के पास एक सिलाई केन्द्र का फीता काटकर का शुभारंभ किया यहां महिलाओं को निशुल्क सिलाई सिखाई जावेगी और सिखाने के बाद उन्हें निशुल्क सिलाई मशीन प्रदान की जावेगी अध्यक्ष सफी अहमदजी ने प्रसिद्ध मंदिर खप्पर बाबा जाकर भगवान भोलेनाथ कू दर्शन किये माथा टेका उसके स्थानीय विश्रामगृह मे नियोजको की बैठक लिये उनकी समस्याएं सुनी व उसे दूर करने का आश्वासन दिया श्रम मंडल द्वारा सहयोग करने वाले नियोजको संस्थानो को जो श्रमिकों के हित हेतु अभिदाय राशि पटाते है उन्हें पुरस्कृत किया गया और उन्हें इसी तरह सहयोग करने को कहा गया इन सभी कार्यक्रमो मे अध्यक्ष सफीअहमदजी के साथ सदस्य आलोक मिश्रा मनोज ठाकुर सुरेश मसीह भवन निर्माण मंडल के सतीश अग्रवाल ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता महामंत्री जिला कमल ठाकुर पूर्व अध्यक्ष इन्द्र साव जिला कांग्रेस के राजेन्द्र वर्मा रेवा पारप्यानी विकी ठाकुर अयुब बाठिया वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेश पाण्डेय अशोक तिवाड़ी सत्यनारायण जोशी मोहन केसरवानी संजय शर्मा मंयक तिवाड़ी पार्षद सभापति श्वेता मिश्रा पार्षद रानी वर्मा मेनका ठाकुर दीपक निर्मलकर एंव डोमार ईश्वर सेन राजकुमार सोनी प्रवीण चावड़ा भारी संख्या मे राईस मिल दाल मिल पोहा मिल व सीमेंट कारखानों के श्रमिक व कांग्रेस कार्यकर्ता श्रम विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

एक नजर

### बीजेपी कांग्रेस से डरी हुई है : कुमारी शैलजा

**रायपुर, 20 फरवरी ।** भाजपा का लोकतंत्र में भरोसा नहीं है। कांग्रेस के खिलाफ 24 बार छापे मारे गए हैं, संसद में विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। जनता के सामने भाजपा के एक-एक मुद्दे को सामने लाकर बेनकाब करेंगे। उक्त बातें राजीव भवन आयोजित पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कही। सैलजा ने पत्रकारवार्ता में कहा कि अडानी के खिलाफ जांच क्यों नहीं होती, उन्होंने कहा बीजेपी छत्तीसगढ़ प्रदेश में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 85वें महा अधिवेशन के आयोजन से बौखला गई है। सैलजा ने कहा हम जनता के साथ हैं, बीजेपी लाख प्रयास कर हम डरने वाले नहीं है। पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हम ईडी के छापों से डरने वाले नहीं है। अपने साथियों के साथ खड़े हैं। महाधिवेशन सफल होगा। राजनीतिक फायदे के लिए छापेमारी की जा रही है। बीजेपी नॉन घोटाले की जांच क्यों नहीं करवाती। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि डॉ. रमन ईडी के प्रवक्ता बन जाते हैं। छापामारी से पहले उन्हें सब जानकारी कैसे हो जाती है, उन्होंने कहा केन्द्र सरकार और मंत्रियों पर अडानी भारी है। कांग्रेस ने अंग्रेजों से नहीं डरी तो भाजपा से क्या डरेगी। छापामारी का मुख्य उद्देश्य भाजपा द्वारा प्रदेश में अफरा-तफरी का माहौल पैदा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एन महाधिवेशन के पहले ईडी की छापामारी महाधिवेशन को विफल करने का प्रयास है, जो कांग्रेस होने नहीं देगी। पत्रकारवार्ता में केबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे, कवासी लखमा एवं अन्य वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए।

### राज्यों को भी मिलेगा ट्रिब्यूनल बेंच की संख्या निर्धारण का अधिकार

**रायपुर, 20 फरवरी।** वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित जी.एस.टी परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ की ओर से ट्रिब्यूनल में दो न्यायिक सदस्य एवं दो तकनीकी सदस्य (एक राज्य और एक केंद्र) रखे जाने का प्रस्ताव पर परिषद में आम सहमति बनी। इससे सहकारी संघवाद का समुचित ध्यान रखते हुए राज्यों को भी उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त हो सकेगा। राज्यों को उनके भौगोलिक एवं अन्य परिस्थितियों के आधार पर ट्रिब्यूनल के बेंच की संख्या का निर्धारण का अधिकार भी होगा। यह प्रस्ताव वाणिज्यिक कर मंत्री टी.एस. सिंहदेव रखा गया था। छत्तीसगढ़ द्वारा क्षतिपूर्ति की राशि शीघ्र प्रदान करने की मांग की गई। केंद्र शासन द्वारा 505 करोड़ रूपए क्षतिपूर्ति राशि तत्काल दिये जाने का निर्णय लिया गया। जी.एस.टी. परिषद की 49वीं बैठक 18 फरवरी को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चैधरी व अन्य राज्यों के वित्तमंत्री, अधिकारीगण तथा छत्तीसगढ़ आयुक्त, वाणिज्यिक कर भीम सिंह भी शामिल हुए। बैठक में मुख्य मुद्दा जी.एस.टी. अपीलीय अधिकरण (ट्रिब्यूनल) का रहा। मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा मद्रास बार एसोसिएशन के प्रकरण में टीएनजीएसटी के ट्रिब्यूनल संबंधी प्रावधान को अवैधानिक घोषित करने के पश्चात अधिकरण संबंधी प्रावधान पर पुनर्विचार हेतु मंत्री समूह का गठन किया गया था। इस मंत्री समूह का प्रतिवेदन बैठक में प्रस्तुत किया गया।

### छत्तीसगढ़ में मौसम बदलने के साथ बढ़ रहा तापमान, हल्की गर्मी शुरू

**रायपुर, 20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में मौसम बदलने के साथ ही अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी से हल्की गर्मी शुरू हो गई है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर से हवाएं आ रही है,लेकिन इनकी रफ्तार काफी कम है। हालांकि रविवार को उत्तर छत्तीसगढ़ में उत्तर हवाओं का प्रभाव देखने को मिलेगा और सरगुजा क्षेत्र में पारे में गिरावट आएगी। साथ ही रायपुर सहित मध्य छत्तीसगढ़ में तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। शनिवार को प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। दुर्ग व राजनांदगांव को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। हालांकि पेंड्रा रोड व अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान सामान्य रहे। रायपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री ज्यादा रहा।

### यातायात सुधारने रायपुर सहित अन्य शहरों में लगेंगे 2000 सीसीटीवी कैमरे

**रायपुर 20 फरवरी।** बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में बेतरतीब यातायात को सुधारने, रफ्तार पर लगाम लगाने और सड़क हादसों की निगरानी के लिए जल्दी ही 2,000 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। दरअसल इंटिग्रेटेड ट्रैफ्कि मैनेजमेंट सिस्टम (आइटीएमएस) का विस्तार करने की यह कवायद है। काफी समय से स्मार्ट सिटी और सूडा के अधिकारियों से विभाग की चर्चा चल रही थी। सहमति मिलते ही पुलिस मुख्यालय के अधिकारी तैयारी में जुट गए हैं।

# बेरोजगारी भत्ता को मंत्रिपरिषद की हरी झंडी

**रायपुर, 20 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बेरोजगारों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। तृतीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2022-2023 का विधानसभा में उपस्थापन बाबत् छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। बजट अनुमान वर्ष 2023-2024 का विधानसभा में उपस्थापन बाबत् छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ते, पेंशन (संशोधन) विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। टाटा टेक्नोलॉजीस लिमिटेड के साथ पार्टनशिप में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उन्नयन योजना का अनुमोदन किया गया। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 36 आई.टी.आई. के विकास पर कुल 1216.80 करोड़ रूपए व्यय किए जाएंगे। इससे आई.टी.आई संस्थाओं में मैकेनिक, इलेक्ट्रिक व्हीकल, बेसिक डिजाइनर एवं वर्चुअल वेरीफायर (मेकेनिकल), मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल एण्ड आटोमेशन, एडवांस्ड सीएनसी मशीनिंग, इंडस्ट्रीयल रोबोटिक्स एंड डिजीटल मैन्युफैक्चरिंग एवं आर्टिजन यूजिंग एडवांस्ड टूल्स सहित अन्य शार्ट टर्म कोर्सेस भी संचालित होंगे। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का इक्कीसवां वार्षिक प्रतिवेदन (एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक की अवधि के लिए) विधानसभा के पटल पर रखे जाने और अग्रिम कार्यवाही के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अधिकृत किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। राज्य नवाचार आयोग जनकल्याणकारी योजनाओं में नवाचार को बढ़ावा देने संबंधी सुझाव के साथ ही प्रशासनिक सेवाओं में दक्षता बढ़ाने, घोषणा पत्र के क्रियान्वयन हेतु सुझाव तथा समय-समय पर दिए गए अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सुझाव देगा। छत्तीसगढ़ की पंचम विधानसभा के सोलहवां सत्र माह मार्च-2023 हेतु माननीय राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन किया गया। गोधन न्याय योजनांतर्गत गोबर से प्रति किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट के रूपांतरण का प्रतिशत 40 से 33 होने से वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन में लगने वाले अतिरिक्त गोबर की लागत राशि एक रूपए की प्रतिपूर्ति सेस की राशि से भुगतान करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह नगरीय निकाय के गोठानों में अतिरिक्त गोबर की लागत राशि एक रूपए की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा नगरीय निकाय के गोठानों को गोबर क्रय हेतु प्रदाय राशि से किया जायेगा तथा शेष उपलब्ध राशि का उपयोग गोबर क्रय हेतु रिवाल्विंग मनी के रूप में किए जाने तथा वर्मी कम्पोस्ट के सुरक्षित भंडारण के लिए जिला कलेक्टर के अनुमोदन से गोठान परिसर में अन्य शासकीय योजनाओं के अभिसरण से गोदाम निर्माण का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम-2019 में संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को एकल स्त्रोत से क्रय/उपार्जन के संबंध में छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम से छूट प्रदाय करने का निर्णय लिया गया। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन आयुक्त चिकित्सा शिक्षा का पद सृजित करने का निर्णय लिया गया। मालयानों से एकमुश्त (जीवनकाल/वैकल्पिक) कर उद्ग्रहण हेतु छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम-1991 (क्रमांक 25 सन् 1991) में आवश्यक संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान-1991 के नियम 158 छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) अधिसूचना दिनांक 31 दिसंबर 2013 के कंडिका (5) में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की द्वितीय अनुसूची के भाग-एक में मोटर कारवां का मोटरयान कर निर्धारण करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा क्षेत्र के अन्त्योदय एवं प्राथमिकता परिवारों को चना वितरण हेतु भारत सरकार के बफर स्टॉक से 8000 रूपए प्रति टन की सब्सिडी योजना अंतर्गत चना क्रय करने का निर्णय लिया गया। औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में बंद एवं बीमार उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन नीति लागू करने का निर्णय लिया गया। यह एक नवंबर 2019 के पश्चात् बंद एवं बीमार हुए उद्योगों पर लागू होगी। यह नीति केवल विनिर्माण उद्योगों पर लागू होगी। छत्तीसगढ़ राज्य को लॉजिस्टिक्स एवं वेयर हाउसिंग हब के रूप में विकसित करने छ.ग. राज्य लॉजिस्टिक्स नीति 2022 को लागू करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ बकाया कर ब्याज एवं शास्ति के निपटान हेतु विधेयक 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। नवा रायपुर अटल नगर में विभिन्न भू-उपयोग अंतर्गत आबंटित भूमि/बिल्टअप स्पेस पर आबंटियों से शेष प्रीमियम अदायगी पर अधिरोपित ब्याज एवं सरचार्ज में छूट देने हेतु वन टाईम सेटलमेंट स्कीम लागू करने का निर्णय लिया गया।

## राज्यपाल से मिलने लगा तांता

■ रमन सिंह व धरमलाल कौशिक मिले

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 20 फरवरी।** राज्यपाल अनुसुईया उइके से आज समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने मुलाकात की है। कई वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा राजनेताओं ने उनसे मुलाकात की है। मणिपुर में बतौर राज्यपाल वे 22 फरवरी को शपथ लेंगी।

राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल अनुसुईया उइके आज छिंदवाड़ा जिले के सौंसर से लौट आईं हैं। राजभवन में कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी है। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह भी दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, नंदकुमार साय सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनसे मुलाकात की। अनुसुईया उइके का कार्यकाल भी काफी प्रभावशाली रहा है। राजभवन और राज्य सरकार के बीच कई मुद्दों को लेकर बहस होती रही, लेकिन अनुसुईया उइके ने सभी निर्णय अपनी मर्जी से लिए।

राजभवन के अनुसार नए राज्यपाल 23 को शपथ ग्रहण करेंगे। प्रातः 11:30 बजे शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के दरबार हाल में आयोजित किया जाएगा। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री तथा अन्य मंत्री उपस्थित रहेंगे।

### ईडी के छापे की जानकारी कांग्रेस आलाकमान को दी गई

**रायपुर, 20 फरवरी।** राजीव भवन में आज सुबह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अधिवेशन को सफल बनाने के संबंध में चर्चा की। ईडी के छापे के पश्चात कांग्रेस भवन में सभी बैठकें निरस्त हो गई है। कांग्रेसजन आज राजधानी स्थित परिवर्तन निदेशालय के कार्यालय का घेराव करने जाएंगे। 24 फरवरी से शुरु होने वाले अधिवेशन की तैयारियों को झटका लगा है। आज ईडी के छापे की सूचना भी कांग्रेस हाईकमान के कई वरिष्ठ नेताओं को दी गई है। आज कांग्रेस भवन में आवास, भोजन एवं सभा समिति की महत्वपूर्ण बैठकें होने वाली थी जो नहीं हुई। राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों को ऐसे समय में झटका लगा है जब अधिवेशन की तिथि पास आ गई है। अधिवेशन के लिए राष्ट्रीय स्तर के कैटरर्स और पंडाल लगाने वालों को ठेका दिया गया है। अतिथियों के लिए भी एयरकंडीशन तथा अन्य वातानुकूलित गाड़ियों की व्यवस्था की गई है। 26 फरवरी को जोरा में एक जनसभा होगी।

## पशुपालक ग्रामीणों को 8 करोड़ 63 लाख रुपए जारी



**रायपुर, 20 फरवरी।** गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी के एवज में विक्रेताओं को अंतरित की गई 4.76 करोड़ रूपए की राशि में से मात्र 2.06 करोड़ की राशि कृषि विभाग द्वारा तथा 2.70करोड़ रूपए का भुगतान स्वावलंबी गौठानों द्वारा किया गया है। राज्य में अब तक 5064 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो स्वयं की जमा पूंजी से गोबर क्रय करने लगे हैं। स्वावलंबी गौठानों द्वारा अब तक 43.19 करोड़ रूपए का गोबर स्वयं की राशि से क्रय कर भुगतान किया गया है। गोधन न्याय योजना से 3 लाख 28 हजार ग्रामीण पशुपालक लाभान्वित पिछले एक साल में लाभान्वितों की संख्या में 59 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में राज्य योजना आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्यों की मॉनिटरिंग के लिए तैयार की गई 'छत्तीसगढ़ एस. डी. जी. डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट 2021' का विमोचन किया एवं 'एस. डी. जी. डैशबोर्ड' लांच किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की ई-लाइब्रेरी का वर्चुअल शुभारंभ किया। कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल , मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित हैं।

### जनगणना कराने सीएम ने पीएम को लिखा खत

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश एवं प्रदेश के भावी विकास एवं कल्याणकारी नीतियां एवं योजनाएं बनाने में जनगणना के महत्व तथा गरीबों के हितों के मद्देनजर देश में शीघ्र जनगणना कराए जाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जनगणना कार्यक्रम के लिए शीघ्र तिथियों का निर्धारण करने के लिए संबंधितों को निर्देशित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा है कि देश में विगत 150 वर्षों से प्रति 10 वर्षों में जनगणना कार्य संपादित किया जा रहा है। जनगणना के माध्यम से देश में विगत दस वर्षों में सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में हुए परिवर्तनों संबंधी आँकड़ों का संकलन किया जाता है, जिसके आधार पर देश एवं प्रदेशों की भावी विकास एवं कल्याणकारी नीतियाँ एवं योजनाएं बनाने में सहायता मिलती है। वर्ष 2011 में पहली बार जनगणना के साथ ही सामाजिक, आर्थिक, जातिगत सर्वेक्षण भी किया गया था। इस सर्वेक्षण के आधार पर ही पात्र हितग्राहियों को सभी हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा था। मुख्यतः उक्त सर्वेक्षण 10 वर्षों की अवधि के लिए ही प्रभावशील था। विगत 12 वर्षों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन एवं सामाजिक आर्थिक परिवर्तनों को दृष्टिगत रखते हुए एस.ई.सी.सी. सर्वे 2011 के आँकड़े वर्तमान संदर्भों में उपयुक्त एवं प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। अतएव उचित होगा कि जनगणना के साथ ही वचित एवं पात्र हितग्राहियों की अद्यतन जानकारी प्राप्त करने हेतु नवीन सर्वे शीघ्र अतिशीघ्र आरंभ किया जाए। सर्वे में यह भी अवश्य देखा जाए कि विगत दस वर्षों में वंचित हितग्राहियों को योजनाओं से वास्तव में कितना लाभ प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जनगणना के महत्व तथा गरीबों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए जनगणना कार्यक्रम हेतु शीघ्र ही तिथियों के निर्धारण हेतु संबंधितों को निर्देशित करने का आग्रह किया है।

# विकास उपाध्याय के कार्यालय को घेरा भाजपाइयों ने

■ पुलिसिया रिपोर्ट होने पर ने दबेंगे न झुकेंगे नहीं: पटेल

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 20 फरवरी।** पश्चिम विधानसभा के विधायक विकास उपाध्याय के कार्यालय का आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने घेराव किया। आज यहां पर घेराव होने के कारण जीई रोड में यातायात प्रभावित हुआ।

भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल ने बताया कि पिछले कई दिनों से कांग्रेस के विधायकों के कार्यालयों का घेराव किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विज्ञान महाविद्यालय के बाजू स्थित विकास उपाध्याय के कार्यालय का घेराव किया गया। घेराव के लिए सभी कार्यकर्ताओं को दोपहर 2 बजे के आसपास बुलाया गया था लेकिन कार्यकर्ता 12 बजे से ही पहुंचने शुरू हो गए थे। जिसके कारण यहां पर पुलिस को बैरिकेट्स लगाने पड़े। आमापारा से आमानाका आने-जाने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। विज्ञान महाविद्यालय में इस समय एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। यहां पर आए दिन यातायात प्रभावित हो रहा है।



भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। पटेल के अनुसार प्रधानमंत्री अनाज घोटाला को लेकर भी राशन दुकानों का घेराव किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास को लेकर भी प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा के कई कार्यकर्ताओं के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। पटेल ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ता दबेंगे व झुकेंगे नहीं।

# नहरपारा सड़क चौड़ीकरण के लिए आहूजा का ढेबर को पत्र

**रायपुर 20 फरवरी।** नहर पारा विकास समिति, इंदिरा गांधी वार्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने नहरपारा सड़क का चौड़ीकरण कर नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया से उद्घाटन कराने महापौर एजाज ढेबर को पत्र लिखा है। आहूजा ने बताया कि गत वर्ष 13 दिसम्बर को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने नहरपारा क्षेत्र का दौरा किया था। उस समय नगर निगम के अधिकारियों ने एक माह के भीतर सड़क बना देने की बात तो कही थी किंतु सड़क आज तक नहीं बन पाई है। आहूजा ने पत्र में बताया है कि अब कहा जा रहा है कि प्रभावितों को नगर निगम द्वारा 49 लाख का मुआवजा देने के बाद ही सड़क का निर्माण शुरू किया जाएगा। जोन कार्यालय से पता चला है कि मुआवजा अब तक स्वीकृत नहीं हुआ है। आहूजा ने ढेबर से निवेदन किया है कि राजेन्द्र तिवारी का सहयोग लेकर मंत्रालय से मुआवजा स्वीकृत करवाएं फिर सड़क का निर्माण शुरू करें। इस सड़क का उद्घाटन करने मंत्री डहरिया को आमंत्रित किया जाए। मंत्री का यहां जोरदार स्वागत किया जाएगा। उनका पैदल रोड शो करवाया जाएगा। इस दौरान नहरपारा के बायीं ओर से हर व्यापारी मंत्री को माला पहनाएंगे। दायीं ओर से रोड शो संजय गांधी चौक पर समाप्त होगी। समिति के



इस प्रस्ताव का उपाध्यक्ष कुलदीप चावला, बलराम आहूजा, अशोक क्षेतीजा, संरक्षक रज्जन श्रीवास्तव, किशन खूबचंदानी, शिवाजी मत्थानी, कोषाध्यक्ष अमर वालेचा, सुभाष अग्रवाल, सुरेन्द्र छाबड़ा, नन्दू खिलानी, कार्यकारिणी सदस्य भावेश पिथालिया, नवीन अग्रवाल, वेदप्रकाश मुंडेजा, मनीष टांक, सोनू कुरैशी, अमृतलाल पंजवानी, आनंद खूबचंदानी, तेजसिंग जंघेल, तरुण जंघेल, जवार खन्ना, मनोज एवट, समीर पारेख, सोनी क्षेत्रीय व रूपेश यादव ने समर्थन किया है।

## गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की 13 यूनिट शुरू

■ गोबर से 30,218 लीटर प्राकृतिक पेंट उत्पादित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थापित गौठान तेजी से ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित होने लगे हैं। गौठानों में विविध आयमूलक गतिविधियों के संचालन के साथ-साथ नवाचार के रूप में गोबर से प्राकृतिक पेंट का उत्पादन तेजी से होने लगा है। वर्तमान में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए 13 यूनिटें शुरू हो चुकी है। क्रियाशील यूनिटों के माध्यम से अब तक 30,218 लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन किया गया है, जिसमें से 14,358 लीटर प्राकृतिक पेंट के विक्रय से 29 लाख 70 हजार 300 रूपए की आय हुई है। फिलहाल 21 जिलों में के 32 चिन्हित गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की यूनिट स्थापना अंतिम चरण में है, जहां शीघ्र ही प्राकृतिक पेंट का उत्पादन होने लगेगा। गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए कुल 45 पेंट उत्पादन यूनिट की स्वीकृति दी गई है। जिसमें 13 की स्थापना पूरी कर वहां उत्पादन शुरू कर दिया गया है। रायपुर जिले में 2 यूनिट स्थापित हुई है, जबकि कांकेर, दुर्ग, बालोद, कोरबा, कोरिया, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर, बेमेतरा, सूरजपुर एवं बस्तर जिले में 1-1 यूनिट स्थापित एवं क्रियाशील हो चुकी हैं। रायपुर जिले की 2 यूनिटों में अब तक सर्वाधिक 11 हजार लीटर, कांकेर में 7768 लीटर, दुर्ग में 2900, बालोद में 700, कोरबा में 284, कोरिया में 800, कोण्डागांव में 2608, दंतेवाड़ा में 1443, बीजापुर में 800, बेमेतरा में 300, सूरजपुर में 500 एवं बस्तर में 1160 लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन हुआ है। उत्पादित पेंट का विक्रय भी किया जा रहा है।



### नाबालिग लड़की पर गंडासे से हमला करने वाले आरोपी का पुलिस ने निकाला जुलुस

**रायपुर, 20 फरवरी ।** राजधानी के गुढियारी में नाबालिग लड़की को गंडासे से गोदने की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी ओमकार तिवारी का पुलिस ने इलाके में जुलूस निकाला है, वहीँ घटना के बाद से ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। मामला गुढियारी थाना क्षेत्र का है। दरअसल आरोपी किराना दूकान संचालक ओमकार तिवारी ने शनिवार की शाम गुढियारी इलाके के पहाड़ी चौक में एक नाबालिग लड़की पर गंडासे वॉर किया था, यही नहीं आरोपी ने नाबालिग का बाल पकड़कर हाथ से गड़ांसा लहराते हुए सड़क पर घूम रहा था, जिससे यह पता चलता है कि उसे पुलिस का कोई खौंफनहीं था।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23